हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 16, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 जुलाई, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

# सरकारी नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप : योगी

## मुख्यमंत्री बोलेः यूपी में 6 साल में मिलीं 6 लाख सरकारी नौकरियां

लखनऊ। यूपीपीएससी एवं यूपीएसएसएससी के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार में प्रदेश के छोटे-छोटे गांवों और कस्बों के अभ्यर्थियों को सरकारी सेवाओं में नौकरी मिल रही है जबकि छह वर्ष पहले ऐसा नहीं होता था। तब सरकारी नौकरियों और सरकार की योजनाओं में भेदभाव होता था। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा पाप कोई हो ही नहीं सकता कि कोई सरकार शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर जनता के साथ भेदभाव करे। उस भेदभावकारी व्यवस्था के खिलाफ जनता ने उन लोगों को सबक भी सिखाया है जो प्रतिभाओं को सरकारी नौकरियों में आने से और आगे बढ़ने से वंचित करते थे। मुख्यमंत्री राज्य सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित सचिवालय प्रशासन विभाग के 199 समीक्षा अधिकारियों/सहायक समीक्षा अधिकारियों, परिवहन विभाग के



183 कनिष्ठ सहायकों और राज्य निर्वाचन आयोग में चयनित 128 कनिष्ठ सहायकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। लोक भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में योगी ने कहा कि पिछले छह वर्षों के अंदर पारदर्शी और शुचितापूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया के तहत हमारी सरकार छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दे चुकी है। वर्ष 2021 से लेकर अब तक ही 16 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं जिनके माध्यम से 54900 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं। यह तब हुआ जब इसी बीच कोरोना महामारी आई, पंचायत, विधानसभा और निकायों के चुनाव भी हुए।

योगी ने बंगाल के पंचायत चुनाव में हुई हिंसा को लेकर भी वहां की सरकार को घेरा। कहा कि बंगाल के पंचायत चुनाव में मतदान के दिन ही नहीं, मतगणना के दिन भी निर्दोष लोग मारे गए। बंगाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह वे लोग हैं जो लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटते हैं। जो लोग लोकतंत्र को सर्वाधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं, वही सबसे ज्यादा लोकतंत्र की बातें करते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव में साढ़े चार करोड़ मतदाता शामिल हुए लेकिन यह चुनाव निर्विघ्न, बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

इससे पहले पंचायत चुनाव के जरिये उप्र में आठ लाख जनप्रतिनिधियों का चुनाव बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सचिवालय प्रशासन विभाग में समीक्षा अधिकारियों और सहायक समीक्षा अधिकारियों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि शासन ने यह व्यवस्था की है कि यदि कोई फाइल एक टेबल पर 3 दिन रहेगी तो जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं दौरे के बाद आता हूं तो सबसे पहले फाइलें निपटाता हूं। जब तक फाइलें निपटा नहीं लेता तब तक अपनी जगह से हिलता नहीं हूं। यदि हम फाइलों को लंबित रखते तो प्रदेश की 25 करोड़ जनता के जीवन में परिवर्तन के संकल्प को साकार नहीं कर पाते। प्रदेश की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को दोगुणा नहीं कर पाते, बेरोजगारी की दर को घटा नहीं पाते। कार्यक्रम को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया।

### 15 जुलाई तक कई ट्रेने हुई रद्द, लंबी दूरी की 118 बसें हुई कैंसिल, विमान सेवाओं पर आया लोड

लखनऊ। हिमाचल, दिल्ली, पंजाब व हरियाणा में हो रही भारी बारिश के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल से लेकर अंबाला, फिरोजपुर व मुरादाबाद मंडलों की रेलसेवाएं 15 जुलाई तक बाधित रहेंगी। लखनऊ रेलखंड की 15 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी, जिसमें सात ट्रेनें अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। दूसरी ओर आठ ट्रेनों को बीच रास्ते में निरस्त यानी शॉर्ट टर्मिनेट करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि बारिश के चलते ट्रेनों का संचालन बाधित हो रहा है। लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर टिकट के रिफंड के लिए अतिरिक्त काउंटरों का इंतजाम किया गया है। रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या एनटीईएस पर जानकारी लेने के बाद पैसेंजर यात्रा पर निकलें। उत्तर रेलवे ने दो दिनों में 52 लाख 93 हजार 938 रुपये यात्रियों को रिफंड किए हैं। बता दें कि 13006 अमृतसर-हावड़ा मेल, 12238 जम्मूतवी-लखनऊ एक्सप्रेस, 22318 जम्मूतवी-सियालदह एक्सप्रेस, 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस, 14218 चंडीगढ़-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस, 12232 चंडीगढ़ - लखनऊ एक्सप्रेस व 12356 जम्मूतवी-पटना एक्सप्रेस 14 जुलाई तक कैंसिल रहेंगी।

# फर्जी वेबसाइट के जरिए जाली आधार और पैन बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, साइबर अपराधियों से थे कनेक्शन

लखनऊ। वेबसाइट बनाकर फर्जी आधार व पैन कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को बुधवार को वाराणसी साइबर क्राइम थाने की टीम ने राजधानी से गिरफ्तार किया है। गिरोह के नौ सदस्य दो महीने पहले गिरफ्तार किये जा चुके हैं। साइबर अपराधी इन वेबसाइट के जरिये फर्जी आधार व पैन कार्ड बनाकर सिम खात खुलवाते हैं और सिम भी लेते हैं। जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी व अन्य साइबर अपराधों में इस्तेमाल करते हैं। एसपी साइबर क्राइम प्रो त्रिवेणी सिंह ने बताया कि पूर्वी चंपारण बिहार निवासी अफजल आलम, शिवरतनगंज अमेठी के सुशील कुमार और गया बिहार के मोहम्मद इरशाद को टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके गिरोह के भी तीन और साथी फरार हैं। जिन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। इसमें हरिओम, आकाश और सजीत नाम के आरोपी शामिल हैं। एसपी के मुताबिक पूरे गिरोह ने कई अलग-अलग वेबसाइट बना रखी हैं। ये वेबसाइट यूजर बेस हैं। मतलब कोई भी व्यक्ति अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, नाम आदि डालकर अपना एकाउंट बना सकता है। उसके बाद इसमें कोई भी आधार कार्ड नंबर डालकर फर्जी फोटो, फर्जी पता व नाम डालकर आधार कार्ड बनाते थे। पैन कार्ड नंबर डालकर पैन कार्ड बना लेते थे। वेबसाइट से दोनों दस्तावेज असली की तरह हूबहू प्रिंट होते थे। इसका




इस्तेमाल साइबर अपराधी व अन्य अपराधी भी करते हैं। ये दोनों डॉक्यूमेंट तैयार कर उस पर सिम लेते थे और बैंक खाते खुलावते हैं। जिनका इस्तेमाल फ्रॉड में करते हैं। इसके एवज में आरोपियों पर प्रति आधार व पैनकार्ड का कुल 40 रुपये मिलता है। जो ऑनलाइन ट्रांसफर हो जाता है। इसके लिए वह अपना ही एक पेमेंट गेटवे का इस्तेमाल करते हैं।

**हर दिन 20-25 हजार रुपये कमाते हैं**- एसपी के मुताबिक हर दिन इनकी वेबसाइट से लगभग एक एक हजार पैन व आधार कार्ड बनाए जाते हैं। इस तरह से वह 20 से 25 हजार रुपये आसानी से बैठकर कमा लेते हैं। जानकारी के मुताबिक गिरोह के तमाम सदस्य साइबर ठगी के बड़े गिरोह संचालित कर रहे हैं। जो इन फर्जी आधार व पैन का इस्तेमाल करते हैं। वह पकड़े न जाएं इसलिए फेक आईडी का उपयोग करते हैं। एक एक अपराधी कई कई सिम व कई खाते खुलवाते हैं। इसलिए अधिक संख्या में दस्तावेज बनाते हैं।

**अब तक 9 वेबसाइट के बारे में मिली जानकारी**- साइबर क्राइम थाने की टीम की अब तक की जांच में सामने आया है कि गिरोह के लोग 9 वेबसाइट चला रहे थे। चूंकि अभी कई आरोपी फरार हैं। इसलिए आशंका है कि ये संख्या बढ़ सकती है। इन वेबसाइट के बारे में साइबर अपराधियों के गिरोह को पूरी जानकारी है। इसलिए चंद पैसे देकर वह दस्तावेज तैयार करते हैं और फिर लाखों-करोड़ों की ठगी को अंजाम देते हैं। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि डार्कवेब और टेलीग्राम पर यूआईडीएआई व एनएसडीएल द्वारा अधिकृत कंपनियों का डाटा चुराकर साइबर अपराधी बेचते हैं। ये आरोपी ये डाटा खरीदते थे। जिससे आधार नंबर, पैन कार्ड व अन्य जानकारियां इनके पास पहुंच जाती थी। ये डाटा वह अपनी वेबसाइट पर अपलोड करते थे।

# जलस्तर बढ़ने से उफना रही गंगा, यूपी के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा, आबादी क्षेत्र में पहुंचा पानी

बुलंदशहर। पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा के कारण हरिद्वार और बिजनौर के बैराज खोल दिए गए हैं। जिससे गंगा जल का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। अनूपशहर क्षेत्र की बात करें तो दो दिनों में यहां गंगा उफान ले रही है। चार फिट से अधिक जलस्तर बढ़ गया है। आबादी क्षेत्र में पानी पहुंचने लगा है। जबकि नरौरा के चौधरी चरण सिंह बैराज की डाउनस्ट्रीम में गंगा का जलस्तर मीडियम फ्लड के करीब पहुंच गया है। यहां रामघाट थाना क्षेत्र गंगा किनारे बसे गांवों के खेतों में पानी पहुंचने लगा है। अनूपशहर के मोहल्ला गंगाद्वार स्थित लाल महादेव घाट की मुख्य सड़क पर आबादी क्षेत्र में 50 मीटर अंदर तक पानी घुस आया है। परिवारों का आवागमन बाढ़ के पानी में होकर किया जा रहा है। जहान्वी प्लेटफार्म पर दो फिट ऊपर पानी चल रहा है। इससे मुख्य घाट पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं को बाढ़ के पानी में होकर



घाट पर पहुंचना पड़ रहा है। प्रशासन गंगातट के समीप बसे लोगों को अलर्ट कर रहा है। पशुओं का विशेष ध्यान रखने के लिए भी कहा गया है। ताकि कोई चपेट में आकर बह न जाए। प्रशासन ने तहसील मुख्यालय पर बाढ नियंत्रण केंद्र की स्थापना की है। आहार, मुबारकपुर, सिरोरा, अनूपशहर, शेरपुर गांव में बाढ़ चौकियां दुरस्त की गई है। गोताखोरों को भी नाव के साथ घाट पर तैनात किया गया है। ताकि आपात स्थिति में पीड़ित व्यक्ति की मदद कर सुरक्षित किया जा सके। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही लगातार बरसात के चलते गंगा बैराज पर अभी जलस्तर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। नरौरा बैराज पर गुरुवार सुबह गंगा की डाउनस्ट्रीम में गंगा का जलस्तर मीडियम फ्लड के करीब पहुंच गया है। सिंचाई विभाग नरौरा हेडवर्क्स के तार बाबू देवेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह ग्यारह बजे बैराज की अपस्ट्रीम में 156772 क्यूसेक पानी की उपलब्धता दर्ज की गई। जोकि समुद्र तल से 179.07 मीटर है।

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष माधवन नायर ने जताई उम्मीद, कहा- चंद्रयान-3 मिशन हर तरह से सफल होना चाहिए

बंगलूरू। अनुभवी अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी माधवन नायर ने गुरुवार को कहा कि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 मिशन हर तरह से सफल होना चाहिए ताकि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में एक बड़ा मील का पत्थर पार कर सके। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर नियोजित सॉफ्ट लैंडिंग को बहुत कठिन और जटिल उपाय बताया। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह मिशन इसरो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने लगभग चार साल पहले चंद्रयान-2 लैंडर की सॉफ्ट-लैंडिंग के दौरान आई समस्या को हल करने के लिए कई सिमुलेशन बनाए हैं और सिस्टम को मजबूत किया है। बता दें कि चंद्रयान-2 लैंडर की सॉफ्ट-लैंडिंग असफल रही थी। नायर ने कहा, इस समय मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूं कि यह मिशन हर तरह से सफल होना चाहिए ताकि हम अंतरिक्ष अन्वेषण में एक बड़ा मील का पत्थर पार कर सकें। 2003 से इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग में सचिव के रूप में नायर के छह साल के कार्यकाल में 25 सफल मिशन पूरे किए गए थे। इसरो ने 23 या 24 अगस्त को चंद्रयान-3 के लैंडर की



सॉफ्ट-लैंडिंग का प्रयास करने की योजना बनाई है। इस पर उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही कठिन और बहुत ही जटिल अभ्यास है और हम इसे किसी अज्ञात क्षेत्र में पहली बार कर रहे हैं और इसे लेकर काफी चिंता है, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। नायर ने शुक्रवार को चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण से पहले भी सावधानी बरतने को कहा था।

# दिल्ली के सभी स्कूल-कॉलेज रविवार तक बंद, भारी वाहनों की नोएंट्री, कुछ इलाकों में बिजली काटी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हथनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली में कुछ सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रविवार तक दिल्ली में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। यमुना बाजार स्थित दंडी आश्रम में रुके हरिद्वार के एक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी वार्ड में फंसे दिल्ली पुलिस ने इन विद्यार्थियों को बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। वहीं दूसरी तरफ गढ़ी मांडू इलाका भी पानी मे डूब गया है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पीछे की तरफ रिंग रोड पर नदी की तरह पानी चलना शुरू हुआ। यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद गीता कॉलोनी पुश्ता रोड श्मशान घाट से पुराने लोहे के पुल गांधी नगर के



रास्ते को डावर्ट कर दिया गया है। राजा राम कोहली मार्ग और मास्टर प्लान से स्वामी विवेकानंद मार्ग और उसके बाद जीटी रोड शाहदरा को जोड़ा गया है। कश्मीरी गेट के बस अड्डे की ओर आने वाले सभी रास्तों में पानी भर गया है। सड़कों पर कुछ ही वाहन फंसे हुए हैं। मंगरौली गांव में पानी घुसने के बाद मवेशी को निकालने का काम जारी है। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। नोएडा के सेक्टर-137 में भी पानी घुस गया है। यमुना नदी में आई बाढ़ का पानी दिल्ली ही नहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा के कई इलाकों तक फैल गया है। नोएडा के मंगरौली गांव में पानी घुस गया है। मयूर विहार यमुना खादर में एनडीआरएफ की टीम अंदर जाकर महिलाओं और बच्चों को बचा रही है। अभी भी काफी संख्या में यहां लोग फंसे हैं।

## चित्रकूट में दर्दनाक हादसा, साइकिल सवार को रौंदकर कार पलटी, दारोगा सहित दो की मौत



चित्रकूट। रैपुरा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार साइकिल सवार को रौंदकर पलट गई। कार में सवार दारोगा 38 वर्षीय श्याम प्रकाश समेत साइकिल सवार 52 वर्षीय रामशेखन की मौत हो गई। घटना गुरुवार को करीब साढ़े दस बजे रैपुरा थाना के बगरेही गांव में झांसी-मीरजापुर हाईवे पर हुई है। जनपद प्रयागराज थाना सोरांव के सेवहटा में रहने वाले उप निरीक्षक श्याम प्रकाश जनपद बांदा थाना अतर्रा की महुटा चौकी में तैनात थे। बताते हैं कि गुरुवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह अपनी कार से घर जा रहे थे। जैसे ही बगरेही के पास पहुंचे तो अचानक उनकी कार से सामने साइकिल सवार थाना रैपुरा के अतरौली निवासी रामशेखन आ गए। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर साइकिल सवार को रौंदती हुई खेत में पलट गई। रामशेखन की मौके पर मौत हो गई है जबकि घायल दारोगा को जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां पर उन्होंने भी दम तोड दिया। रामशेखन माली का काम करता था। वाल्मीकि आश्रम से वह घर जा रहा था।

# नीतीश सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, आंसू गैस के गोले भी दागे


पटना। आज बिहार भाजपा विधानसभा मार्च कर रही थी। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क से सदन तक पैदल मार्च कर रहे थे। भाजपा नेता 11 बजे गांधी मैदान में एकजुट हुए। यहां से जेपी गोलंबर होते हुए डाकबंगला चौराहा पहुंचे। भाजपा नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मा का दर्जा देने की मांग करने लगे। यहां पहले से तैनात पटना पुलिस ने पहले भाजपा नेताओं को पीछे हटने कहा। लेकिन, भाजपा नेता नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने नेताओं और कार्यकताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। इतना ही नहीं आंसू गैस के गोले भी दागे गए। पुलिस वाटर कैनन का प्रयोग कर रही है। इसी दौरान भाजपा के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई नेता चोटिल हो गए। भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि सरकार आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रही है। पटना पुलिस ने महिलाओं को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया है। यह अन्याय है। वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह अन्याय है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमलोग शांतिपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे थे इतने में पुलिसकर्मी लाठी बरसाने लगे।भाजपा के आंदोलन से बिहार सरकार डर गई है। गांधी मैदान में भाजपा नेताओं ने कहा



कि आपने बिहार के युवाओं से 10 लाख रोजगार देने का वादा किया हुआ था उसका क्या हुआ। राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने कहा कि आज के चंद्रगुप्त नरेंद्र मोदी हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में भी भाजपा की सरकार बने। बिहार में सत्ता का परिवर्तन अनिवार्य है। क्योंकि ऐसा जनता चाह रही है। इधर, डाकबंगला चौराहा पूरी तरह से रणक्षेत्र में तब्दील हो गया है। सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात हैं। भाजपा नेताओं को जब आगे नहीं बढ़ने नहीं दिया गया तो प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत दर्जनों नेता बीच रोड पर बैठ गए। भाजपा सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से मार्च पर निकले थे। अचानक पटना पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। नीतीश सरकार भाजपा के आंदोलन से बौखला गई है। इसलिए ऐसा तानाशाही रवैया अपना रही है। इधर, इस आंदोलन के कारण गांधी मैदान और डाकबंगला चौराहा इलाके में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप है। आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। विधानसभा मार्च को लेकर बिहार भाजपा द्वारा पूरे पटना को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया गया है। गांधी मैदान से लेकर बेली रोड और वीर चंद्र पटेल मार्ग में सैकड़ों पोस्टर लगाए गए हैं। बड़े-बड़े होर्डिंग और पोस्टर से सड़कों को पाट दिया गया है। पोस्टर के जरिए भी भाजपा ने नीतीश सरकार पर हमला बोला। भाजपा से नियोजित शिक्षक और रोजगार के मुद्दे पर बिहार सरकार से जवाब मांग रही है।

## थर-थर कांपेगा दुश्मन! 26 राफेल विमान, तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी... पीएम मोदी के फ्रांस दौरे से पहले हुई बड़ी डील

नई दिल्ली। भारत की ताकत में अब और इजाफा होने जा रहा है। पीएम मोदी के फ्रांस दौरे से ठीक पहले बड़ी डिफेंस डील हुई है। भारत फ्रांस से 26 राफेल विमान और तीन तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बी खरीदेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारतीय नौसेना के लिए इस डील को मंजूरी दे दी है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, डीएसी ने तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के साथ राफेल लड़ाकू विमानों को खरीदने की मंजूरी दी। डीएसी ने 22 राफेल एमएस और 4 ट्विन सीटर ट्रेनर संस्करणों को मिलाकर 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। बताया जा रहा है कि भारत और फ्रांस के बीच 90 हजार करोड़ रुपये की डील हुई है। इस डील के प्रस्तावों पर रक्षा मंत्रालय में पहले ही उच्च-स्तरीय बैठकों में चर्चा हो चुकी है। इसे डीएसी के सामने रखा गया, जहां इस डील को मंजूरी दे दी गई। गौरतलब है कि पीएम मोदी फ्रांस दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस के दौरे पर रहेंगे। फ्रांस के बाद पीएम यूएई का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर पीएम फ्रांस का दौरा



कर रहे हैं। पीएम यहां बतौर चीफ गेस्ट बैस्टिल दिवस समारोह में भाग लेंगे। साथ ही वह मैक्रों और अन्य फ्रांसीसी गणमान्य व्यक्तियों के साथ सार्थक चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह भारतीय प्रवासियों, भारतीय और फ्रांसीसी कंपनियों के अधिकारियों के साथ चर्चा भी करेंगे।

## संपादकीय

## पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं

पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है। केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य की पुलिस ने पंचायत चुनाव को संपन्न कराने और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए काफी प्रयास किए। इसके बाद भी हिंसा थमी नहीं, हिंसा के बीच पश्चिम बंगाल में पंचायत के चुनाव हुए। पंचायत चुनाव सबसे कठिन चुनाव माने जाते हैं। पंचायत चुनाव में मतदाता अपने उम्मीदवारों के निजी व्यवहार और उसकी नेतृत्व शीलता को देखते हुए मतदान करते हैं। सभी चुनावों में पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव सबसे कठिन चुनाव माने जाते हैं। इसमें किसी भी तरह का कोई प्रबंधन काम नहीं आता है। पश्चिम बंगाल में यह चुनाव राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह पर लड़ा गया था। जिसके कारण राजनीतिक विचारधारा के आधार परपंचायत प्रतिनिधियों के लिए मतदान हुआ है। पंचायत चुनाव में भाजपा के शुभेंदु अधिकारी, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल, चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती, हाईकोर्ट द्वारा समय-समय पर दिये गए निर्देश और हस्तक्षेप के बाद भी पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में हिंसा हुई। चुनाव के दौरान और चुनाव की घोषणा के बाद 59 लोगों की मौत इस पंचायत चुनाव में हुई है। जो चुनाव परिणाम अभी तक सामने आए हैं। उसमें टीएमसी एकतरफा जीत की ओर आगे बढ़ रही है। अभी तक 22 जिला परिषदों पर टीएमसी का कब्जा होते हुए दिख रहा है। टीएमसी ने 608 जिला परिषद सीटें जीती हैं। वहीं भाजपा को 19, कांग्रेस को 6,माकापा को 2 सीट मिली है। ग्राम पंचायत की 63229 सीटों में से 34560 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस विजयी हुई है। भारतीय जनता पार्टी को 9621 माकापा को 2908 और कांग्रेस को 2515 सीटों पर सफलता प्राप्त हुई है। इस जीत से उत्साहित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा जब मणिपुर जल रहा था। भाजपा को वहां की चिंता नहीं थी। निष्पक्ष विशेषज्ञों का मानना है, पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षाबलों, राज्यपाल की भूमिका और भाजपा नेताओं की सक्रियता कांग्रेस और माकापा के लगातार विरोध के बाद भी इतने बड़े पैमाने पर टीएमसी की जीत, आने वाले समय में बदलती हुई राजनीति की दिशा और दशा तय कर रही है। केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और भारतीय जनता पार्टी कीआक्रमक सक्रियता, केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में चुनाव हुए हैं। उसके बाद भी पंचायत चुनाव में पश्चिम बंगाल में जनता खुद अपना चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उत्तरी। टीएमसी बनाम भाजपा में टीएमसी को अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है। टीएमसी का विरोध भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस और माकापा भी कर रही थी। टीएमसी पंचायत चुनाव में बिल्कुल अलग-थलग पड़ी हुई थी। इसके बाद भी इतनी बड़ी जीत से स्पष्ट है,कि जनता जब सड़कों पर उतरकर स्वयं चुनाव लड़ती है। उस समय धनबल और कोई अन्य उपाय काम नहीं आता है। पंचायत चुनाव के परिणाम एक तरह से केंद्र सरकार और भाजपा के लिए खतरे की घंटी की तरह हैं। हिमाचल,कर्नाटक के विधानसभा के चुनाव परिणाम लगभग इसी तर्ज पर सामने आए हैं। अच्छे दिन के जो वादे जनता से किए गए थे। 9 वर्षों के बाद भी अच्छे दिन की बात छोड़ दें,तो जीवन जीना भी लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। यह गुस्सा अब मतदाताओं में दिखने लगा है। पंचायत चुनाव से ज्यादा कोई सफल परीक्षण हो नहीं सकता है। पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों ने यह बता दिया है देश की राजनीतिक फिजा किस और बह रही है। अब जनता खुद सड़कों पर उतरने के लिए विवश हो रही है। हिंसा भी उसी प्रतिरोध का परिणाम है।

## हुई लाठीचार्ज है!



हुई लाठीचार्ज है ।
प्रसन्न है सरकार ।।
आया नया मामला ।
व्यक्त है आभार ।।
इस तरह बर्ताव ।
है अपना अधिकार ।।
किए कायाकल्प हैं ।
करना सब साकार ।।
होती रहती मौत ।
नहीं है देना ध्यान ।।
धरना और प्रदर्शन का ।
करते हम सम्मान ।।
खेद हमें है घटना का ।
हैं हम भी मजबूर ।।
ले रहे आनंद पर ।
सत्ता का भरपूर ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अलगाववादी आंदोलन और कूटनीतिक चुनौतियां

समावेशी विचार और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले भारत में खालिस्तान आंदोलन की कोई संभावना नहीं है। मगर कट्टरता, धार्मिक प्रदर्शन, सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं के क्रियाकलापों को नियंत्रित करने और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा अलगाववादी ताकतों को संरक्षण न मिले, इसे लेकर सजग रहने की जरूरत अवश्य है। खालिस्तान समर्थक विदेश में भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत को कूटनीतिक स्तर पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

खालिस्तान आंदोलन की संभावनाएं करीब ढाई दशक पहले ही खत्म हो गई थीं, लेकिन भारत से बाहर इसे जिंदा रखने की धार्मिक और राजनीतिक कोशिशें जारी रही हैं। हाल के महीनों में खालिस्तान से जुड़े कट्टर अलगाववादियों और भारत के ह्यमोस्ट वांटेडह्व आतंकियों में से कुछ की मौत हुई है, इसे लेकर खालिस्तान समर्थक भारत पर आरोप लगा रहे हैं। दुनिया भर में भारत के खिलाफ प्रदर्शन और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा की अपील भी कर रहे हैं। कनाडा खालिस्तानी समर्थकों का गढ़ माना जाता है, वहीं ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया है। लंदन में खालिस्तानी समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान और कश्मीर के समर्थन वाले पोस्टर देखे गए।

इसी साल मार्च में ब्रिटेन की राजधानी लंदन में खालिस्तान समर्थकों की उग्र भीड़ ने भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक व्यक्ति ने भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे को उतार दिया था। वहीं आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारतीय दूतावास को खालिस्तान समर्थकों के डर से बंद करना पड़ा था। विदेशों में दूतावास की सुरक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर विएना समझौते को माना जाता है। वैश्विक स्तर पर यह राजनयिक संबंधों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। यह संधि राजनयिकों को मेजबान देश में बिना किसी जबर्दस्ती, उत्पीड़न या डर के काम करने में सक्षम बनाती है। कनाडा, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे देश भी इस संधि से बंधे हैं। भारत से इन देशों के साझा आर्थिक और रणनीतिक हित हैं। इन सबके बाद भी इन देशों में भारत-विरोधी गतिविधियों से कूटनीतिक चुनौतियां बढ़ गई हैं।



कनाडा में भारतीय मूल के करीब दस लाख लोग रहते हैं, जिसमें पंजाबियों को अच्छी-खासी तादाद है, जो आर्थिक और राजनीतिक तौर पर बेहद सक्षम माने जाते हैं। इसका प्रभाव कनाडा के राजनीतिक हितों पर भी देखा गया है। कुछ कनाडाई सिख प्रवासी भारतीय आंदोलन के समर्थन के लिए कट्टरपंथियों को उकसाते हैं। बैसाखी और खालसा दिवस पर कनाडा के राजनेता भी खालिस्तान को समर्थन देते देखे गए हैं। इसके चलते भारत और कनाडा के संबंधों में ठहराव देखा गया है। भारत ने 2022 में कनाडा द्वारा खालिस्तानी अलगाववादी जनमत संग्रह की अनुमति देने पर आपत्ति जताई थी, साथ ही कनाडा में घृणा अपराधों के खिलाफ चेतावनी के साथ आगाह किया था। लोकतंत्र और बहुलवाद की भारत की साझी विरासत के प्रति कनाडा अपना समर्थन जताता रहा है। भारत कनाडा का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश है। कनाडा के पास यूरेनियम, प्राकृतिक गैस, तेल, कोयला, खनिज और जल विद्युत, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा परमाणु ऊर्जा में उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुनिया के सबसे बड़े संसाधन हैं। उसकी चार सौ से अधिक कंपनियों की भारत में उपस्थिति है और एक हजार से अधिक कंपनियां सक्रिय रूप से भारतीय बाजार में कारोबार कर रही हैं। कनाडा में भारतीय कंपनियां सूचना प्रौद्योगिकी, साफ्टवेयर, इस्पात, प्राकृतिक संसाधन और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

दूसरी ओर कनाडा पृथकतावादी खालिस्तान समर्थकों के लिए महफूज ठिकाना रहा है। भारत के बाद सबसे बड़ी सिख आबादी कनाडा में ही बसती है। खालिस्तानी आतंकवादी गुट बब्बर खालसा इंटरनेशनल यानी बीकेआइ सिख अलगाव को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया में सक्रिय है। इस आतंकी गुट का कनाडा पर गहरा प्रभाव है और वह इस देश में राजनीतिक तौर पर भी ताकतवर माना जाता है। अपने रसूख का इस्तेमाल कर बीकेआइ खालिस्तान समर्थक ताकतें को यहां से संचालित भी करता है।

बब्बर खालसा इंटरनेशनल को कनिष्क विमान विस्फोट के लिए जिम्मेदार माना जाता है, जिसमें भारत के 329 लोग मारे गए थे। यह आतंकी संगठन हर साल बैसाखी के मौके पर आयोजित समारोह में सिख चरमपंथियों को शहीद का दर्जा देकर उन्माद फैलाता है। विदेशों में रह कर भारत-विरोधी गतिविधियां चलाने वाले कई चरमपंथियों को भारत ने काली सूची में डाल रखा है और उन्हें भारत आने की इजाजत नहीं है। ऐसे लोग भारत में खालिस्तान की मांग उठाने वाली चरमपंथी ताकतों को आर्थिक मदद देते हैं। ब्रिटेन और कनाडा परिपक्व लोकतंत्र हैं। परिपक्व लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन स्वीकार किए जाते हैं, लेकिन चरमपंथी आंदोलनों को उनकी स्वीकार्यता भारत की समस्याएं बढ़ा रही है। कनाडा में संवैधानिक राजतंत्र और संसदीय लोकतंत्र है। संवैधानिक राजतंत्र का अर्थ है कि ब्रिटिश सम्राट राज्य का प्रमुख होता है। ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों की हिमाकत से नाराज भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि भारत को ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक परिसरों और वहां काम करने वालों की सुरक्षा के प्रति ब्रिटेन सरकार की बेरुखी देखने को मिली है, जो अस्वीकार्य है। करीब पांच दशक पहले खालिस्तान की एक संप्रभु और स्वतंत्र राज्य की धारणा उत्तरी अमेरिका और यूरोप में सिखों के बीच लोकप्रिय करने का मुख्य कारण वहां खालिस्तान परिषद का गठन था। इसका पश्चिमी लंदन में ठिकाना बताया जाता है, जो 1970 से यहां कार्य कर रहा है।

ब्रिटेन में बसने वाले प्रवासियों में सबसे बड़ी तादाद भारतीयों की है, जिनकी आबादी तकरीबन 16 लाख है। भारतीय ब्रिटेन के कारोबार का अहम हिस्सा तो हैं ही, सांस्कृतिक, तकनीकी और राजनीतिक रूप से भी उनकी भागीदारी बेहद महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। आजादी के पहले और बाद में कुछ समय तक भारत से लोगों को काम के लिए यहां बुलाया गया था। अफ्रीकी देशों की आजादी के बाद वहां से भारतीय ब्रिटेन आकर बसे। वैश्वीकरण के दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने काम के लिए भारत से पेशेवर लोगों को ब्रिटेन लाना शुरू किया। मगर वीजा नियमों, भारतीय समुदाय पर होने वाले नस्लीय हमलों और कश्मीर को लेकर ब्रिटेन की राजनीतिक नीतियों में दोहरापन समस्याओं को बढ़ाता रहा। खालिस्तान की मुहिम को विदेशों में बढ़ावा देने में पाकिस्तान की खुफियां एजेंसी आइएसआइ का भी योगदान है। कनाडा और ब्रिटेन में पाकिस्तान मूल के लोगों की अच्छी-खासी तादाद है। पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में दुनिया भर के सिख जुटते हैं और आइएसआइ इसका इस्तेमाल कर खालिस्तान आंदोलन को मजबूत करती रही है। पाक सिखों को ननकाना साहिब में आने के लिए न केवल उच्च कोटि की सुरक्षा देता, बल्कि वहां खालिस्तान के समर्थन में पोस्टर भी लगाता रहा है। पाकिस्तान के आतंकी शिविरों में सिख अतिवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्यों की उपस्थिति भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए संकट बढ़ाने वाली है। इसके साथ ही आइएसआइ खालिस्तानी अलगाववादी और कश्मीर के आतंकवादियों को एकजुट करने की योजना पर लगातार काम कर रही है। पंजाब में कुछ हिंसक घटनाओं में पाकिस्तान की संलिप्तता के संकेत भी मिले हैं।

# ट्रेनों में साधारण डिब्बों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता

परिवहन के लिए रेल का उपयोग हमेशा से आम जनता की प्राथमिकता में रहा है। लेकिन कोरोना काल के पश्चात से देखने में यह आ रहा है कि आम नागरिक, जो कि रेल के साधारण डिब्बे में सफर करते हैं, उनकी सुविधाओं में दिन-प्रतिदिन कटौती की जा रही है। कोरोना काल में सभी पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस बना दिया गया। इस कारण इनका किराया लगभग दो से ढाई गुना बढ़ गया। कई रेलवे जोन द्वारा कई महत्त्वपूर्ण ट्रेनों, जिनमें आम आदमी ज्यादा सफर करता है, उनमें साधारण डिब्बों की कटौती की जा रही है। साधारण डिब्बों के स्थान पर एसी-थ्री चेयर और एग्जीक्यूटिव क्लास बढ़ाए जा रहे हैं।

आम जनता को उम्मीद थी कि किराए में जो वृद्धि की गई थी, स्थिति सामान्य होने पर वह वृद्धि वापस ली जाएगी। लेकिन वृद्धि वापस नहीं ली गई। इसके विपरीत उच्च श्रेणी एग्जिट इन क्लास में लगभग पच्चीस फीसद किराया कमी करने की खबरें हैं। वरिष्ठ नागरिकों को जो किराए में छूट मिलती थी, वह भी खत्म कर दी गई है। उच्च श्रेणी और शयनयान श्रेणी में वरिष्ठ नागरिकों को छूट न्यायसंगत हो सकती है, लेकिन जो गरीब लोग साधारण डिब्बों में सफर करते हैं, उनको भी किराए में सुविधा होनी चाहिए। वंदे भारत ट्रेन आम आदमी तो क्या, मध्यमवर्ग का लोगों के लिए दूभर है और लोग उसके किराए को वहन करने में असमर्थ हैं। इस कारण वंदे भारत को अपेक्षाकृत यात्री कम मिल रहे हैं, जिससे इन ट्रेनों को अत्यधिक घाटा हो रहा है।

सरकार को आम जनता से सर्वेक्षण कर वंदे भारत ऐसे मार्गों पर चलाना चाहिए, जहां उन्हें शत-प्रतिशत यात्री मिलें और राजस्व मिले, ताकि रेलवे को किसी प्रकार का घाटा न हो रेल मंत्रालय को आम नागरिक की रेल सुविधाओं में तत्काल वृद्धि करना चाहिए। जिन मार्गों पर स्थानीय यात्री अधिक मिलते हैं, वहां की ट्रेनों में साधारण डिब्बों की संख्या में बढ़ोतरी की जानी चाहिए। जिन यात्री रेलगाड़ियों का किराया कोरोना काल बाद एक्सप्रेस का कर दिया है, उनके किराए में तत्काल कटौती कर यात्री ट्रेन के हिसाब से किराया लिया जाना चाहिए। इससे आम गरीब यात्री को रेलवे से फिर से जुड़ाव होगा। अगर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा का यह दावा सही है कि अपने उत्तराधिकारी जेयर बोल्सोनारो द्वारा अमेजन वर्षावन को किए गए नुकसान को रोकने में कुछ हद तक सफल रहे हैं। इस साल के पहले छह महीने में क्षेत्र में वनों की कटाई में 33.6 फीसद की गिरावट आई है। अगर यह सही है तो यह दुनिया भर के पर्यावरणवादियों के लिए जश्न मनाने का समय है। मगर पहले इस दावे की संबंधित विभागों के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा पुष्टि करा लेना जरुरी है। यह सही है कि लूला दा सिल्वा ने पिछले चुनाव के घोषणापत्र में वन संरक्षण को सबसे ऊपर रखा था। अमेजन जंगल केवल दक्षिण अमेरिका के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि पूरी धरती के लिए इस क्षेत्र को हरा भरा रखना मानवता के लिए जरूरी है। यह वायुमंडलीय कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 25 फीसद अवशोषित करता है।

यह प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से पृथ्वी के वायुमंडल में कुल आक्सीजन का छह प्रतिशत पैदा करता है। इन्हीं कारणों से अमेजन वर्षावन को पृथ्वी ग्रह का फेफड़ा कहा जाता है। लूला दा सिल्वा की सरकार आज है, कल नहीं रहेगी। 60 फीसदी अमेजन जंगल ब्राजील के सीमा के भीतर पड़ता है। दक्षिण अमेरिका के 40 फीसद भूभाग पर फैला है, जिसमे नौ देश आते हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र को चाहिए कि विश्व के जनमत से इन वनों का रखरखाव वह अपने हाथों में ले ले, तभी इसे ज्यादा प्रभावी तरीके से सुरक्षित रखा जा सकेगा। देश में महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस के साथ-साथ दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली सब्जियों की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है।

# कुदरत का संदेश स्पष्ट है- प्रकृति से सामंजस्य बनाकर रहो या फिर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो

मानसून सीजन की बारिश के प्रचंड प्रकोप के चलते जगह-जगह नदी-नाले जबरदस्त उफान पर हैं। झील, तालाब, पोखर आदि बरसाती पानी से लबालब हो गये हैं। जबरदस्त जलभराव व मलबे की मार के चलते गली मोहल्लों की सड़कें व रिहायशी इलाके तक भी जानलेवा नालों में बदल गये हैं। जिसके चलते ही देश के विभिन्न राज्यों से पिछले कुछ दिनों से लोगों के जान-माल की तबाही की झकझोर देने वाली तस्वीरें आ रही हैं। शासन-प्रशासन सिस्टम कुदरत की मार के आगे बेबस व लाचार होकर के पूरी तरह से नतमस्तक नजर आ रहा है। लोगों को जल प्रलय के बीच से सुरक्षित निकाल करके तत्काल राहत देना बेहद दुष्कर कार्य साबित होता जा रहा है। कुदरत की मार से प्रभावित हुए लोगों के लिए बिजली, पानी, भोजन, चिकित्सा व सर ढंकने के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाना सिस्टम के लिए चुनौती बनता जा रहा है। जिसके चलते ही उत्तर भारत के बहुत सारे इलाकों के लोग बाढ़ जैसे हालातों में रहने के लिए मजबूर हो गये हैं।

कभी भीषण गर्मी के प्रकोप को झेल रहा उत्तर भारत मानसून का बहुत ही बेसब्री से इंतजार कर रहा था, लोगों को उम्मीद थी कि मानसून उनको राहत देगा, लेकिन मानसून के सीजन में जब बारिश को लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत देनी थी, उस वक्त लोगों के लिए बारिश एक बहुत बड़ी आफत बन गयी। जल प्रलय से जगह-जगह नदी-नालों में हो रहे भारी उफान ने जलभराव, जबरदस्त भू कटाव व मलबे ने बड़ी आफत देने का कार्य कर दिया। पिछले कई दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों में बादलों की प्रचंड गर्जना के साथ पहाड़ से लेकर मैदान तक हर तरफ कुदरत की मार के चलते भयंकर तबाही का मंजर बन गया है, जिसने लोगों को बेघर करते हुए 19 लोगों के अनमोल जीवन को लीलने का दुखद कार्य कर दिया है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों में इस बार जुलाई माह में अपेक्षाकृत ज्यादा हो रही बारिश ने लोगों का जीना-बेहाल करके रखा दिया है।

हालांकि केन्द्र व राज्य सरकार प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं, लेकिन भारी तबाही के चलते वह प्रयास फिलहाल तो 'ऊंट के मूंह में जीरा' साबित हो रहे हैं। बारिश के चलते हुई भारी तबाही नित-नयी दर्दनाक पिक्चर लेकर सामने आ रही है, बारिश की मार से अब तो लोगों को भारी जान-माल की क्षति उठानी पड़ रही है। लोग सरकार व एक दूसरे के सहयोग से इस आपदा को मात देने में लगे हुए हैं। भारी बारिश के चलते व डैम से अधिक पानी छोड़े जाने के चलते राजधानी दिल्ली पर वर्ष 1978 की तरह बाढ़ आने का खतरा मंडराने लगा है, यमुना नदी लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में नदियां व बरसाती नाले अपने जबरदस्त उफान पर हैं, जो भी कुछ उनकी राह में बाधक बन रहा है वह तिनके की तरह उसको बहाकर ले जाने पर आमादा हैं, पहाड़ों पर भू-कटाव, भू-धंसाव, दरकते पहाड़, भूस्खलन, पत्थरों के बड़े-बड़े बोल्डर व मलबा लोगों के जान माल के दुश्मन बन गये हैं। वहीं मैदानी इलाकों की बात करें तो दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों में आबादी के इलाकों में भी पानी भर गया है जिसमें कहीं सड़क धंस गई है, तो कहीं भवनों की दीवार गिरने के चलते लोगों को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में तो भीषण जाम के झाम ने लोगों, जानवरों व अन्य जीव-जंतुओं तक का जीना मुहाल कर दिया है। इस वर्ष जुलाई माह में हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश बार-बार अमरनाथ, चार धाम व कांवड़ यात्रा में व्यवधान उत्पन्न करने का कार्य कर रही है, इन धार्मिक यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करवाकर घर पहुंचाने की चुनौती से केन्द्र व राज्य सरकारें निरंतर जूझ रही हैं। मौसम के माध्यम से वर्षों बाद एक बार फिर से प्रकृति ने धरावासियों को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि या तो प्रकृति के साथ सामंजस्य करके जीना सीख लो या फिर आने वाले समय में हर वर्ष भारी जान-माल की तबाही के लिए तैयार रहो।

## मोहल्ला बड़ा इनारा जलालीपुरा के नए सरदार और महतो की दस्तारबंदी की रस्म की हुई अदायिगी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मोहल्ला सरैया स्थित हाजी हकीम साफा के बगीचा में 13 जुलाई गुरूवार कों मोहल्ला बड़ा इनारा जलालीपुरा के नए सरदार और महतो की दस्तारबंदी की रस्म अदायिगी हुई यह रस्म अदायिगी बुनकर बिरादराना तंजीम चौदाहो के सरदार हाजी मकबूल हसन साहब ने अपने हाथो से नए सरदार के रूप में मोहम्मद हनीफ को और महतो के रूप में हाजी मो0 हारून के सर पर पगड़ी बांधकर दरस्तारबंदी की रस्म अदायिगी की इस मौके पर चौदहो के सरदार हाजी मकबूल हसन साहब ने कहा की सरदार और महतो की जो ये आज जिम्मेदारी दोनो लोगो को दी गई है हम सब इनको मुबारकबाद देते है इन दोनो सरदार और महतो को जो यह पद दी गई है यह बहुत ही जिम्मेदारी की पद है जो सर पर पगड़ी बांधी गई है ये पगड़ी नहीं एक कांटो भरा ताज है जिसे बहुत ही जिम्मेदारी और ईमानदारी से और बिना भेदभाव के काम करना है ताकि किसी को भी किसी फैसले से तकलीफ न हो जो भी मसाइल सरदार और महतो साहब के पास आए सभी के साथ इंसाफ करना है इसमें न तो कोई अपना होता है न कोई पराया होता है सब एक समान है समाज के जो भी लोग कोई भी मसले को लेकर सामने आए उस मसले के साथ बिना भेदभाव के इंसाफ करना ये सरदार महतो की जिम्मेदारी होती है और इस बात का ख्याल रखे की किसी के साथ ना इंसाफी न हो इस दस्तार बंदी की सदारत मौलाना जहांगीर साहब ने की इस मौके पर तकरीर मौलाना अमीर आजम साहब साहब ने की निजामत मौलाना जियाउल मुस्तफा ने किया इस मौके पर नए सरदार मोहम्मद हनीफ ने और महतो हाजी हारून ने सभी को भरोसा दिलाया कि हम सब समाज की भलाई के लिए दिन रात काम करेंगे और आवाम के साथ खड़े रहेंगे इस दस्तारबंदीय में आए हुए सभी लोगो का स्वागत क्षेत्रीय पार्षद हाजी ओकास अंसारी ने किया इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलशाद अहमद डील्लू शामिल हुए दस्तारबंदी में प्रमुख रूप से मौजूद एकराम अंसारी , हाजी बहाउद्दीन ,हाजी गुड्डू सरदार , हकीम महतो , पार्षद तुफैल अहमद ,नुरुल हसन ,बाऊ सरदार , इकबाल महतो , मतीन , अली हसन ,जैनुल महतो , मुमताज महतो ,खलील सरदार , अब्दुल रब ,मो0 फारूक , बिस्मिल्ला ,सलाम ,कलाम बाबा, अखलाक अहमद , गोरके हकीम , युनुस बाबा ,अब्दुल जब्बार ,अब्दुल मजीद , सेराजुद्दी , यासीन खान ,अब्दुल खालिद , मुस्तफा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मुहम्मदाबाद पुलिस ने किया चोरी के सामान के साथ 4 नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण मे गुरुवार को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अकटहिया से लाठी मोड जाने वाले रोड पर सडक के किनारे बने राजेश सिंह कुशवाहा के मकान के सामने से 04 शातिर अपराधियों को चोरी के 03 अदद AC, 01 अदद कूलर व 01 अदद LG TV के साथ गिरफ्तार किया गया, तथा बरामदशुदा चोरी किये गये सामान के सम्बन्ध में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम-लोग शेख टोला स्थित गोदाम मे घुसकर चोरी किये थे। इसके सम्बन्ध में स्थानीय थाना पर पूर्व में पंजिकृत अभियोग दर्ज है। जिसमें बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों में सैफ उर्फ बेलाल पुत्र फिरोज खान निवासी शेख टोला थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष, अतुल कुशवाहा पुत्र मिश्रीलाल कुशवाहा निवासी बखारीपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष, अविनाश मौर्या पुत्र प्रमोद मौर्य निवासी बखारीपुर थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर उम्र 23 वर्ष, तथा शुभम मौर्य पुत्र अशोक कुशवाहा निवासी बखारीपुर थाना मु0बाद गाजीपुर उम्र 21 वर्ष रहे। इन अभियुक्तों पर विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह थाना मुहम्मदाबाद, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार मिश्र थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबल प्रभाकर मिश्र थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबल अजीत यादव द्वितीय थाना मुहम्मदाबाद, कांस्टेबल विमल यादव थाना मुहम्मदाबाद, महिला कांस्टेबल सत्यरुपा यादव थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# जमीनी विवाद में थाना अध्यक्ष पर हमला करने वाले 21 महिला पुरुष गिरफ्तार

## कब्जे से घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर, गड़ासा, लाठी-डण्डा सहित वाहन बरामद



प्रखर मिजार्पुर। थाना संतनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुस्किरा में विरेन्द्र सिंह पटेल एवं लल्लन शर्मा के मध्य जमीनी विवाद था, जिसमें विगत थाना समाधान दिवस पर दोनों पक्षों की शिकायत पर राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर गयी थी, पुलिस द्वारा विवाद की स्थिति को देखते हुए दिनांकः 09.07.2023 को दोनों पक्षों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए पाबन्द किया गया था। दिनांक 12.07.2023 को विवादित जमीन पर दोनों पक्षों के द्वारा वाद-विवाद की सूचना प्राप्त होने पर पीआरवी व थानाध्यक्ष संतनगर द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँच कर लोगो को समझाने का प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान उभय पक्षो द्वारा एक राय होकर बल्वा, दंगा, फसाद करते हुए फायरिंग, हाथापाई एवं पथराव किया गया, जिससे थानाध्यक्ष संतनगर एवं एक आरक्षी घायल हो गये थे। उक्त के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण व उपजिलाधिकारी सहित पुलिस एवं पीएसी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जमीनी विवाद को लेकर उग्र होते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने तथा पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले 07 लोगो को पुलिस हिरासत में लिया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की डॉ. योगेश दुबे के कार्यों की प्रशंसा

प्रखर भदोही। महाराष्ट्र की यात्रा पर गयीं महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से डॉ योगेश दुबे ने मुलाकात कर उन्हें अपनी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से युवाओं, दिव्यांगों और पिछड़ों के उत्थान की दिशा में किए जा रहे सामाजिक शैक्षणिक और राजनीतिक कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने कहा कि आप इसी तरह देश और समाज को मजबूत करने की दिशा में काम करते रहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पिछले दिनों संविधान दिवस के अवसर पर अपील की थी कि देश के जेलों में बंद छोटे अपराध करने वाले आदिवासियों को मुक्त कराने की दिशा में काम होना चाहिए। डॉ योगेश दुबे ने उन्हें बताया कि देश की जेलों में सजा पूरी होने के बावजूद जुमार्ना अदा न करने के कारण भारी संख्या में बूढ़े कैदी रिहा नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल की और उनकी याचिका पर आयोग ने गृह सचिव, भारत सरकार और जेल महानिदेशक को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। डॉ योगेश दुबे भदोही जनपद के सुरियावां के कुसौड़ा गाँव के निवासी है। प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति घनश्याम दुबे के बेटे हैं। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुरस्कार विजेता तथा उत्तर भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी से किया मुलाकात

प्रखर वाराणसी। बेहद ईमानदार एवं शिक्षक, शिक्षा, शिक्षार्थी हितेषी वाराणसी के पुर्व मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अवध किशोर सिंह को वाराणसी का जिला विद्यालय निरीक्षक बनाये जाने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। वाराणसी के नव नियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए शिष्टाचार मुलाकात किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के प्रतिनिधिमंडल ने नव नियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह द्वारा वाराणसी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक के रूप में शिक्षकों,शिक्षार्थियों तथा शिक्षा के उन्नयन के लिए किए गये उनके तमाम अच्छे कार्यों को याद किया और इसके लिए धन्यवाद दिया तथा उनसे अपेक्षा किया जिला विद्यालय निरीक्षक के रूप में भी वे वाराणसी के माध्यमिक विद्यालयों के उत्थान तथा माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों छात्रों के उन्नयन के लिए भी अविस्मरणीय कार्य करेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी द्वारा अपना स्वागत किये जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह जी ने जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" के साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश,जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल,जिला उपाध्यक्ष राजन सिंह, जिला संयुक्त महामंत्री आशुतोष पाण्डेय,महिला विंग की जिलाध्यक्ष रमा रुखैयार,जिला मंत्री प्रभात सिंह व आभा तिवारी, चोलापुर के ब्लाक अध्यक्ष पवन सिंह, आराजीलाइन्स ब्लाक के कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष अमिताभ राय,काशी विद्यापीठ ब्लाक के प्रभारी संजय गुप्ता अविरल जगत चतुर्वेदी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पॉपुलर ग्रुप के चेयरमैन डॉ. ए.के. कौशिक कों किया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा पॉपुलर ग्रुप के चेयरमैन डॉ. ए.के. कौशिक को सम्मानित किया गया` आपको यह सम्मान पूर्वांचल में नर्सिंग शिक्षा के उल्लेखनीय गुणवत्ता बनाए रखने और अन्य मेंटी संस्थानों के लिए मेंटर इंस्टीट्यूट की घोषणा करने के पश्चात दिया गया। मेंटर इंस्टीट्यूट की मान्यता उन्हीं नर्सिंग इंस्टीट्यूट को दी जाती है जो नर्सिंग इंस्टीट्यूट के समस्त परीक्षणों से संबंधित गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ होते हैं इसी श्रृंखला में जब पिछले दिनों क्यूसीआई के द्वारा पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग का निरीक्षण किया गया तो संस्थान को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए थे जो कि न केवल उत्तरप्रदेश में बल्कि समस्त भारत में गिनी चुनी संस्थाओं को ही दिया गया है` इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. ए.के. कौशिक ने बताया कि पॉपुलर ग्रुप के लिए यह गर्व का विषय है कि पूर्वांचल में हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों को मुख्यमंत्री श्री योगी जी के द्वारा गौरवान्वित किया गया है और पॉपुलर ग्रुप के द्वारा नर्सिंग कोर्स करने वाले छात्रों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाएं एवं छात्रवृत्तियों के बारे में एवं हॉस्पिटल के माध्यम से पूर्वांचल में किए जा रहे मरीजों के कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित तथ्यों को मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा करने से पॉपुलर ग्रुप उत्तर प्रदेश के अग्रणी संस्थानों में शामिल हो गया है।



# पत्रकार एकता संघ की टीम ने किया वृक्षारोपण

प्रखर जौनपुर। गुरुवार को पत्रकार एकता संघ के नेतृत्व में सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया । जिसके मुख्य अतिथि पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी शाहगंज सोंधी नंदलाल कुमार वाराणसी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ,एवं थाना खेतासराय के उपनिरीक्षक महंगू यादव रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में वाराणसी मंडल मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के अध्यापक व छात्र छात्राओं को वृक्ष की देखभाल का निवेदन किया गया। क्योंकि पेड़ पौधों से ही हमे छाया, ऑक्सीजन व फल मिलता है। प्रधानाचार्य अनिल उपाध्याय ने कहा की वृक्षों की मानव जीवन में अहम उपयोगिता होती है इसलिए वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए उक्त कार्यक्रम में 125 पौधे लगाए गए पत्रकार एकता संघ द्वारा एक लाख पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। खंड विकास अधिकारी सोंधी शाहगंज ने पत्रकार एकता संघ की काफी सराहना की और साथ ही पत्रकार एकता संघ के समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जौनपुर जिला अध्यक्ष सतीश चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, वाराणसी मंडल सचिव प्रेम कुमार यादव, वाराणसी मंडल संगठन मंत्री निशानाथ, प्रकाश चौहान पत्रकार एकता संघ कार्यकारिणी सदस्य, कांस्टेबल विवेक कुमार दुबे, हीरालाल बरिष्ठ प्रवक्ता, प्रहलाद अध्यापक,भानू प्रताप सिंह, सिराज अहमद, मोहम्मद अरमान व विद्यालय के समस्त अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राकेश कुमार शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी वाराणसी मंडल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## लघु उद्योग भारती यूपी के प्रयास से जरी पर से जीएसटी टैक्स 12%से घटकर 5% हुआ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में उत्पादित किए जाने जरी उत्पाद के सम्बन्ध में जरी पर 12% जीएसटी के अधिक होने की समस्या केन्द्रीय कार्यालय के माध्यम से जीएसटी काउंसिल को प्रेषित की गई थी तथा एक प्रतिनिधि मण्डल ने भी समय - समय पर मंत्रालय से समन्वय स्थापित किया। लघु उद्योग भारती केंद्रीय नेतृत्व के अथक प्रयासों से यह प्रकरण काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिससे इमिटेशन जरी पर जीएसटी 12 %से घटाकर 5% किया गया है यह निर्णय उत्तर प्रदेश के मऊ, वाराणसी, बरेली तथा अन्य जिलों के जरी उत्पादको के लिए अत्यंत आवश्यक व लाभकारी है जिसकी मांग राजेश कुमार सिंह (अध्यक्ष काशी प्रांत) तथा भरत थ्रेड (अध्यक्ष गोरक्ष प्रांत) ने की थी इससे जरी कारोबार हेतु प्रोत्साहन मिलेगा तथा इसके प्रभाव से उत्पादन मूल्य में कमी होने का लाभ उत्पोभकताओ को भी मिलेगा। लघु उद्योग भारती प्रदेश ईकाई संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति , घनश्याम ओझा, ओम प्रकाश मित्तल (निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष) जिनके नेतृत्व में यह संभव हो सका का हृदय से धन्यवाद व आभार प्रेषित करता है।

# कांवड़िए रात्रि में सड़क पर नहीं सुरक्षित विश्राम शिविरों में सोए

प्रखर भदोही। सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार और जिला प्रशासन बेहद सतर्क एवं संवेदनशील है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कावड़ यात्रा की बराबर निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी गुरुवार को कांवरियों से मिलकर भोजन और विश्राम की व्यवस्था के लिए निर्देश दिया। भदोही जिला अधिकारी गौरांग राठी गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गोपीगंज नगर पहुंच कर प्रयाग से काशी बाबा विश्वनाथ को जा रहे कांवरियों से बातचीत किया और उनकी समस्याओं के बारे में अवगत हुए। राष्ट्रीय राजमार्ग को प्रयागराज से वाराणसी तक कावड़ यात्रा को देखते हुए वन-वे कर दिया गया है। उत्तरी लेन को कावड़ियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित कर दिया गया है। कांवरिया प्रयाग से जल भरकर काशी विश्वनाथ जा रहे हैं। पूरा राष्ट्रीय मार्ग शिवमय में हो गया है। जब मौसम ठंडा होता है तो शाम को कावड़ यात्रा का नजारा देखते ही बनता है। शिव भक्ति की मस्ती में कांवरिया बम भोले और हर हर महादेव का जयघोष करते जलाभिषेक के लिए काशी की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कांवरियों से यात्रा के दौरान होने वाली दिक्कतों के बारे में पूछा। इस दौरान एक कांवरियों के पैर में अधिक जख्म होने पर उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मी को मरहम पट्टी कराने का निर्देश दिया। क्योंकि कांवरिया के पैर जख्म अधिक हो गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाने के लिए गए पुलिसकर्मियों को उन्होंने निर्देशित किया है कि कांवड़ यात्रा में चल रहा कोई भी कांवरिया खुले मार्ग पर ना सोए। जिलाधिकारी राठी ने पुलिस कर्मियों से कहा कि कांवरियों के लिए जगह-जगह विश्राम स्थल बनाए गए हैं। उन्हें विश्राम के लिए शिविर में ले जाया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढाबों में और कांवरिया शिविर में भोजन, नाश्ते की सुविधाओं का भी उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ियों को कोई दिक्कत ना होने पाए। कांवरियों के विश्राम भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं ख्याल रखा जाए।

# तीन चरणों में चलेगा बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं के छूटे टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 जिसके अंतर्गत नियमित टीकाकरण जिसमें 0 से 5 साल के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लेकर कार्यक्रम 3 चरणों में चलाया जाना है। जिसको लेकर गुरुवार को एक वर्कशॉप का आयोजन बंशीबाजार स्थित एक होटल में किया गया। जिसमें जनपद के सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, एचईओ , एआरओ शामिल रहे। इन सभी लोगों को डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ विनय शंकर और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को विभाग के द्वारा निशुल्क टीकाकरण का कार्यक्रम चलाया जाता है। लेकिन किन्ही कारणों से कई बच्चे व गर्भवती महिला टीकाकरण से छूट जाती हैं। इसी को लेकर सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अगस्त, सितंबर और अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में चलाया जाएगा। जिसमें आशा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा और टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं की जानकारी ई कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। उसके बाद एएनएम के द्वारा टीकाकरण सत्र लगाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करेंगी। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ विनय शंकर ने बताया कि नवजात शिशुओं और बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों पोलियो, खसरा, रूबेला, रोटा वायरस, डिप्थीरिया, टेटनस, काली खांसी आदि से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इंद्रधनुष के सात रंगों को प्रदर्शित करने वाले इस मिशन का उद्देश्य है कि सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करना है। यदि बच्चों का टीकाकरण समय से किया जाए तो बच्चे जीवन भर स्वस्थ और खुशहाल रहेंगे। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में दो तरह के बच्चों को शामिल किया गया था। पहला लेफ्टआउट जिन बच्चों को एक भी टीका नहीं लगा है व दूसरा ड्राप आउट, इसमें ऐसे बच्चे शामिल किए गए जिन्होंने एक या दो टीके लगवाने के बाद बीच में अन्य टीके नहीं लगवाए। उन्होंने बताया कि इंद्रधनुष के सात रंगों को प्रदर्शित करने वाले इस मिशन का उद्देश्य है कि सभी बच्चों का टीकाकरण करना है जिन्हें टीके नहीं लगे हैं। वर्कशॉप में एसीएमओ डॉ मनोज सिंह, चाई के मणिशंकर, यूनिसेफ से बलवंत, यूएनडीपी के प्रवीण उपाध्याय के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।



## अवैध तमंचा, कारतूस व चोरी करने के उपकरण के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल के द्वारा गजपतपुर के पास से चोरी की योजना बना रहे तीन व्यक्तियो को मुखबीर की सूचना पर उनके पास से एक अदद तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, चोरी करने के उपकरण जैसे-एक अदद पिलास हेक्सा ब्लेड, पेचकस, चाभी के गुच्छा आदि के साथ गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को कर्तव्य के आधार पर स्थानीय थाना पर चोरी तथा आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तो में मंजीत कुमार पुत्र जगदीश राम निवासी ग्राम मेख थाना कासिमाबाद, दीपक राजभर पुत्र पप्पू राजभर निवासी ग्राम धरवारकला थाना कासिमाबाद गाजीपुर, तथा राकेश कुमार पुत्र सतेन्द्र राम निवासी मेख थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर रहे जबकि गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र थाना मरदह, उप निरीक्षक विवेक कुमार पाठक थाना मरदह, कांस्टेबल द्वारिका नाथ थाना मरदह, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार थाना मरदह, महिला कांस्टेबल ज्ञानवती थाना मरदह जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने 4 आंगनबाड़ी सेंटर का भूमिपूजन कर किया शिलान्यास

मिजार्पुर। विकास खण्ड राजगढ़ में ब्लॉक प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह और खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़ व अन्य की उपस्थिति में चार आंगन वाडी सेंटर दादरा, खमहरिया, चितविश्रम व तालर का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। जिसमें जेई आनंद सिंह, राजेश कुमार, एडीओ सी राजकपूर सिंह, अभय सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सितला सिंह पूर्व प्रधान दादरा बीडीसी सदस्य लवकुश व अन्य सम्मानित ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ और बेहतर ढंग से मिलता रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## समाजसेवी व लेखक धर्मेन्द्र त्रिपाठी वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार में सदस्य नामित



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जी 20 के ब्रांड अम्बेसडर एवम समाजसेवी धर्मेन्द्र त्रिपाठी को वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार में सदस्य नामित किया गया है वस्त्र मन्त्रालय राजभाषा समिति में हिंदी के उत्थान व कार्यालयों में राजभाषा के प्रचार प्रसार व उत्थान हेतु राजभाषा समिति में धर्मेंद्र त्रिपाठी के सामाजिक कार्यो, पत्रकारिता एव लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल की संस्तुति पर धर्मेन्द्र त्रिपाठी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस समिति में चार लोकसभा सांसद व दो राज्यसभा सांसद भी सदस्य नियुक्त है` धर्मेन्द्र त्रिपाठी को सदस्य नियुक्त होने पर व्यापारिक संगठन, कारपेट एसोसिएशन, रोटरी क्लब, रियल एस्टेट ,ज्वेलरी एसोसिएशन, इत्यादि संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## गड्ढे में तब्दील हो चुकी सड़क पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा- पिंडराई मार्ग बड़े बड़े बने गड्ढे व कीचड़ होने से आये दिन होने वाले दुर्घटना से त्रस्त ग्रामीणों ने गुरुवार को उक्त मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस के साथ ब्लॉक के अधिकारी मौके पर पहुच ग्रामीणों को शांत कराया। इस दौरान उक्त मार्ग 2 घण्टे तक जाम रहा। बताते है कि पिंडरा बाजार से सीधे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय पिंडराई तथा एक डिग्री कॉलेज को जोड़ने वाली उक्त सड़क पर नाला न होने से बारिश का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे उक्त सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई। जिससे आये दिन छात्र व छात्राओ के अलावा अभिभावक गिर रहे है। आज सुबह एक छात्र के उस सड़क पर बने गड्ढे में गिरने से आक्रोशित ग्रामीणों ने दोपहर एक बजे चक्का जाम कर दिया। जिससे तीनो स्कूल के दर्जनों शिक्षक को भी ग्रामीणों ने रोक लिया। घण्टे भर जाम के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, एडीओ सहकारिता प्रियंका मिश्रा व ग्राम प्रधान पति राजेन्द्र पटेल व फूलपुर पुलिस भी मौके पर पहुच गई। उसके बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा तुरन्त नाले को सही कर पाइप लाइन डालने के निर्देश पर ग्रामीण शांत हुए और चक्का जाम खत्म हुआ। इस दौरान ज्योति सिंह, रिशु सिंह, संग्राम सिंह, राजाराम, धनुषधारी, राकेश, मुन्ना, व चन्द्रजीत यादव समेत दर्जनो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दवा व्यवसाई संगठन केमिस्ट एंड कॉस्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा विधयेक जेल के बदले जुर्माना का किया स्वागत

प्रखर जौनपुर। जनपद के अग्रणी दवा व्यवसाई संगठन केमिस्ट एंड कॉस्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा जन विश्वास विधेयक के संशोधन में व्यापारियों के सामान्य विधि विरुद्ध मामलों में जेल के बजाय नगद जुमार्ना लगाए जाने के प्रावधान को सहमति देने के निर्णय का स्वागत किया है। संगठन के सचिव राजेंद्र निगम ने कहा है कि संगठन लगातार सन 1940 और संशोधन45 के बने और अव्यवहारिक हो चुके ड्रग एक्ट में बदलाव की मांग करता आ रहा है। अभी हाल में ही संगठन ने मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री को पत्र लिखकर नियम विपरीत और विधि विरोधी गतिविधियों में संलग्न व्यापारियों पर आर्थिक दंड लगाए जाने की मांग की थी। अब संसद की संयुक्त समिति ने भी संगठन के इस सुझाव पर सहमत की मोहर लगा दी और ड्रग एक्ट 1940 संशोधन 1945 के प्रावधानों में परिवर्तन कर जेल और दूसरे दंड के बजाय आर्थिक जुमार्ना लगाने पर सहमति जता दी। गौरतलब है कि गत 22 दिसंबर को लोकसभा में जन विश्वास विधेयक पेश किया गया था। जिसमे अव्यवहारिक हो चुके कई अधिनियमों में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।, उनमें औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, सार्वजनिक ऋण अधिनियम, 1944, फामेर्सी अधिनियम, 1948, समेत 42 कानून में बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों में नगद जुमार्ना किया जाना व्यापार जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इससे विभिन्न विभागों में फैले इंस्पेक्टर राज और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सकेगी।

## महाविद्यालय में पढ़ने वाले समुदाय विशेष की छात्राओं पर अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर एक कथित पत्रकार को करना पड़ा भारी हुआ मुकदमा दर्ज

प्रखर जौनपुर। शाहगंज तहसील के तालिमाबाद स्थित फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार दुष्प्रचार करने, महाविद्यालय की मुस्लिम छात्राओं पर दूसरे मजहब के छात्रों के साथ भाग जाने का आरोप लगाने व टिप्पणी को सोशल मीडिया से हटाने और आगे ऐसी टिप्पणी न करने के बदले दबाव बना कर वसूली करने के आरोपी युवक पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ,अब उक्त मामले की जांच में पुलिस जुटी है। शाहगंज क्षेत्र के तालीमाबाद, सबरहद स्थित फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. तबरेज आलम ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया था कि सबरहद गांव निवासी इम्तियाज अहमद पुत्र मुमताज एक गिरोहबंद टाइप का व्यक्ति है,जिसके साथ क्षेत्र के तथा शहर के काफी सरकश टाइप के युवक रहते है जो काफी समय से सोशल मीडिया, व संचार के अन्य माध्यमों के अलावा महाविद्यालय के आस–पास गांव में अपने साथियों के साथ जाकर महाविद्यालय के खिलाफ लगातार क्षेत्र में दुष्प्रचार कर करता रहता है। आरोपी इम्तियाज द्वारा सोशल मीडिया माध्यम से प्रचार कर रहा है कि महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा मुस्लिम छात्राओं को लव ट्रैप में फंसाकर धर्मांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। उसने अपने लेख में बताया है की पिछले 9 वर्षों में 10 लाख छात्राओं व महिलाओं को लव ट्रैप में फसा कर दूसरे धर्म में तब्दील करवाने का काम किया गया है,वही महाविद्यालय को अय्याशी का अड्डा बताता है, तथा शिक्षक को भी उक्त कार्यों में संलिप्त होने की बात कही है ,जिससे कालेज तथा कालेज के स्टाफ व छात्र छात्राओं व उनके परिजनों में रोष व्याप्त हो गया है। तमाम परिजन कालेज प्रबंधन समिति से उक्त आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की बात करने लगे , पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में प्राचार्य ने बताया कि उक्त सम्बंध में जब आरोपी से दुष्प्रचार का कारण पूछा गया तो आरोपी ने दुष्प्रचार बंद करने के लिए 1 लाख रुपये नगदी और 10 हजार रुपये प्रति माह की मांग की। रूपए न देने पर बराबर दुष्प्रचार करने की भी धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है एफआईआर न 174/23 है। अब सवाल यह उठता है कि क्या पत्रकारिता यही सिखाती है कि आप अपने संस्थान और प्रतिष्ठान के लिए अगर कार्य कर रहे हैं और अपने क्षेत्र में हो रही समस्याओं को उजागर करना चाह रहे हैं तो उसमें कुछ चीजें स्पष्ट और तथ्यात्मक होनी चाहिए ताकि आम जनता उस पर विश्वास कर सके सिर्फ अफवाहों को हवा देना पत्रकारिता नहीं है।



## जैसे ही तीनों बीवियों ने मनाया ३३वां बर्थडे टॉम क्रूज ने दिया तलाक

टॉम क्रूज यानी ईथन हंट एक बार फिर से मिशन इम्पॉसिबल की अगली सीरीज मिशन इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में अपने जानलेवा स्टंट्स के लिए टॉम क्रूज को लेकर फैन्स के बीद जबरदस्त दीवानगी है। फिल्मों के अलावा टॉम अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में रहे हैं। उनके एक्शन सीन ही हैं जो दर्शकों को आखिर तक सीट से बांधे रखता है। हालांकि, टॉम जितनी अपनी प्रफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं उतना ही ध्यान उनकी पर्सनल लाइफ ने भी खींचा है। आज हम बात कर रहे हैं टॉम क्रूज की मैरिड लाइफ की। आपको बता दूं कि टॉप क्रूज ने तीन बार शादियां कीं और तीनों बार उनकी मैरिड लाइफ बिखर गई। टॉप ने तीन बार हमसफर बनाने के लिए तीन खूबसूरत लड़कियों को चुना। सबसे पहले उन्होंने 1987 में Mimi Rogers से शादी रचाई जो महज 3 साल ही चल पाई और साल 1990 में वे अलग हो गए।

**दूसरी शादी**

इसके बाद उसी साल उन्हें प्यार हुआ जब पहली शादी से अलग हुए थे। टॉम ने साल 1990 में एक्ट्रेस निकोल किडमैन के साथ शादी रचाई। ये रिश्ता भी ज्यादा नहीं चला और साल 2001 में दोनों के रास्ते अलग जुदा हो गए। इसके बाद करीब 5 साल तक टॉप क्रूज बिना शादी के रहे और फिर साल 2006 में उनकी लाइफ में केटी होम्स की एंट्री हुई। केटी और टॉप का ये रिश्ता 6 साल चला और ये दोनों भी साल 2012 में अलग हो गए।

**33 वां बर्थडे, हो गया टॉम क्रूज का तलाक**

सरप्राइज करने वाली बात ये है कि टॉम अपनी इन तीनों शादियों में तब तक बने रहे जब तक उनकी ये बीवियां 33 साल से कम थीं। गौर करेंगे तो पाएंगे कि जैसे ही इन तीनों एक्ट्रेसेस जैसे ही 33 साल की हुई टॉम ने उन्हें तलाक दे दिया।

**तीन बच्चों के पिता हैं टॉम क्रूज**

बता दें कि टॉम क्रूज के तीन बच्चे हैं, जिनका नाम Suri Cruise, Connor Cruise और Isabella Jane Cruise है। ●

## इन मुस्लिम अभिनेत्रियों को आज भी हिंदू समझते हैं लोग

इंडस्ट्री में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं जिन्होंने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ ने अपना नाम बदलकर फेम हासिल किया। देखिए लिस्ट....।

**मधुबाला**

इस लिस्ट का पहला नाम उस दिग्गज एक्ट्रेस का है। जिनकी खूबसूरती के



चर्चे आज भी बॉलीवुड गलियारों में सुनने को मिलते हैं। हम बात कर रहे हैं मुधबाला की। जिन्हें पर्दे पर देखकर फैंस अपनी सुधबुध खो बैठते थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मधुबाला मुस्लिम थीं और उनका रियल नेम मुमताज बेगम था। उन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए अपना नाम मधुबाला रखा था।

**रीना रॉय**

बॉलीवुड की सुपर टैलेंटेड एक्ट्रेस रीना रॉय भी एक मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इस बात की जानकारी बहुत कम लोगों को हैं। रीना का असली नाम सायरा अली है। जिन्होंने एक्टिंग में आने के लिए नाम बदल लिया था।



**तब्बू**

बॉलीवुड की उम्दा एक्ट्रेस तब्बू का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। बहुत कम लोग जानते हैं कि तब्बू भी मुस्लिम हैं और उनका असली नाम तब्सुम फातिमा हाशमी है। जिन्होंने फिल्म 'हम नौजवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

**मान्यता दत्त**

बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की पत्नी ने मान्यता दत्त भी लिस्ट में है। जिन्होंने फिल्म गंगाजल में आइटम नंबर से सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है। मान्यता संजय की तीसरी पत्नी हैं। ●





## थलापति विजय का कटा चालान

तमिल फिल्मों के स्टार थलापति विजय हाल ही बड़ी मुश्किल में फंस गए। एक्टर ने दो से ज्यादा जगहों पर ट्रैफिक नियमों को उल्लंघन किया, जिसके कारण उनका चालान कट गया। थलापति विजय पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। घटना 11 जुलाई की है। तब थलापति विजय पनाईयुर गेस्ट हाउस में वीएमआई के सदस्यों से मिलने गए थे।

मालूम हो कि विजय राजनीति की दुनिया में एंट्री करने वाले हैं। पिछले काफी दिनों से इस बात की चर्चा हो रही है। इस सिलसिले में एक्टर हाल ही वीएमआई यानी विजय मक्कल अयक्कम के सदस्यों से मिलने पहुंचे। लेकिन जब यहां से निकले, तो फैन्स ने उनकी कार का पीछा करना शुरू कर दिया। फैन्स ने थलापति विजय को पनाईयुर से लेकर नीलंगराई स्थित उनके घर तक फॉलो किया। उनसे बचने के चक्कर में एक्टर भारी चूक कर बैठे।


इसके कारण एक्टर पर 500 रुपये का जुर्माना लगा। थलापति विजय के रेड लाइट जंप करते हुए वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। कहा जा रहा है कि थलापति विजय 2024 में अपनी राजनीतिक पार्टी का ऐलान करेंगे और फिर 2026 में चुनाव लड़ेंगे। ●

## मो.शकील सैफी ने देहरादून,उत्तराखंड में किया फिल्म स्टूडियो का निर्माण

वर्ल्ड पीस हार्मनी एवं इंडिया सैफी फ्रन्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सैफ फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर मो. शकील सैफी ने कहा उत्तराखंड की खूबसूरती और ऐतिहासिक स्थलों



को विश्व स्तर पर फिल्म के माध्यम से जन-जन तक दिखाने के उद्देश्य से देहरादून स्थित 24 बीघा जमीन पर फिल्म स्टूडियो निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड ही नहीं टॉलीवुड स्टूडियो की उच्च कोटि की सुविधाओं और लोकेशन को देखकर इसका निर्माण किया जा रहा है। अच्छी फिल्मों के लिए इसे सूटेबल सैट दुबई की तर्ज पर उपलब्ध कराये जायेंगे। मो. सैफी ने बताया कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा देश की संस्कृति और इतिहास के साथ भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसका निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि फिल्म निर्माताओं, बड़े-बड़े बैनर एवं प्रोडक्शन हाऊसेज को आमंत्रित किया गया है। यहां सभी तरह की फिल्म निर्माण की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। ●



## सुहाना को किस करने वाले की जुबान काट लेंगे शाहरुख खान

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जवान को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। शाहरुख खान और नयनतारा स्टारर इस फिल्म का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसमें किंग खान के एक्शन से लेकर लुक को भी काफी पसंद किया जा रहा है। अब इसी बीच शाहरुख खान का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण का है। इस शो में शाहरुख खान बता रहे हैं कि अगर सुहाना को कोई किस करने की हिम्मत करेगा तो वह उसका क्या हाल करेंगे। कॉफी विद करण शो के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले करण जौहर अजय देवगन से पूछते हैं कि अगर नीशा अपने किसी लड़के दोस्त को घर पर लेकर आए तो आप क्या करोगे? तो इस पर अजय देवगन कहते हैं कि मैं उसे गेट आउट कहूंगा। तो वहीं जब करण जौहर शाहरुख खान से पूछते हैं कि आपकी बेटी सुहाना 16 साल की है, अगर कोई लड़का आपकी बेटी को किस करेगा तो आप उसको जान से मार देंगे? तो इस पर शाहरुख खान कहते हैं, मैं उसके होठों को काट लूंगा। ●



## स्पेन में एक साथ वक्त गुजार रहे हैं आदित्य और अनन्या

बॉलीवुड गलियारों में पिछले कुछ दिनों से अनन्या पांडे और आदित्य राय कपूर के रिलेशनशिप को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन दोनों में से किसी की तरफ से कभी कोई रिएक्शन सामने नहीं आया। अब एक बार इस रूमर्ड कपल की चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, दोनों को एक म्यूजिक कंसर्ट में शिरकत करते देखे गए है, जिसके बाद से डेटिंग की अफवाहों फिर से तेज हो गई है। अनन्या और आदित्य ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, इन फोटोज में दोनों साथ नजर नहीं आए, लेकिन यह साफ-साफ पता चल रहा है कि दोनों एक ही लोकेशन पर हैं। जिसमें वह स्पेन में आर्कटिक मंकीज के म्यूजिक कॉन्सर्ट को एंजॉय करती नजर आ रही थीं। ●



## अब भारतीय फिल्में पूरे विश्व में देखी जा रही हैं-अतुल श्रीवास्तव

भारतीय सिनेमा जगत में कुछ ही कलाकार है जिन्होंने बहुत कम समय में अपनी छाप छोड़ी है उनमें से एक कलाकार अतुल श्रीवास्तव को हर कोई जानता है। वह बॉलीवुड और टेलीविजन जगत के मंझे हुए कलाकार हैं उन्होंने अपने हर किरदार में छाप छोड़ी है। आज के दौर में अतुल श्रीवास्तव फिल्म जगत में ऐसे कलाकार हैं, जिनके अदाकारी से बॉलीवुड के बड़े से बड़े सितारों को भी रश्क हो सकता है। लखनऊ से मुंबई की मायानगरी में शीर्ष तक पहुंचने वाले इस बेहतरीन कलाकार ने पिछले कुछ साल में फिल्मों में व टेलीविजन के छोटे परदे की बदौलत जैसी मकबूलियत हासिल की है वह काबिल सितारों को ही मयस्सर होती है।

अतुल कुमार टेलीविजन शो करीना-करीना के पीके श्रीवास्तव के नाम से भी जाने जाते हैं। अतुल श्रीवास्तव कई बॉलीवुड फिल्मों में प्रमुख भूमिकाओं में अपनी




अदाकारी का जलवा दिखा चुके हैं और दिखा रहे हैं।

जैसे- मुन्ना भाई एमबीबीएस, बजरंगी भाईजान, बंटी और बबली, एक चालीस की लास्ट लोकल, मुन्ना भाई एमबीबीएस 2, स्त्री, द कश्मीर फाइल्स, टॉयलेट एक प्रेम कथा, भूतनाथ, लुका छुपी। रुपहले पर्दे पर अतुल ने टी टाइम मनोरंजन, काश-एम-काश, सॉरी मेरी लॉरी और गुडगुडी जैसे सौ से अधिक टीवी शो में अभिनय किया है। वे बचपन से ही एक कलाकार रहे हैं। स्नातक पूर्ण होने के बाद भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ से अभिनय की बारीकियां सीखीं। इसके बाद कई विज्ञापनों और धारावाहिकों में काम किया। इंडस्ट्री में 10 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद मुन्नाभाई एमबीबीएस से फिल्मों में मौका मिला। आज अतुल श्रीवास्तव दिग्गज कलाकारों में शुमार होते हैं। देश के कई विश्वविद्यालयों सहित फिल्म ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ आईआईटी पवई और एनआईटी मैं कई मोटिवेशनल ट्रेनिंग आपके द्वारा दी गई है। ओटीटी पर अतुल श्रीवास्तव को दर्शक देखना पसंद करते हैं उनकी कई वेब सीरीज स्ट्रीम होने वाली है।

जो वेब सीरीज स्ट्रीम हो गई उनमें एमएक्स पर मनफोडगंज की बिन्नी सीरियल बहुत देखा गया।अतुल श्रीवास्तव की वेब सीरीज घर वापसी भी दर्शकों को बहुत पसंद आई है। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज चूना 3 अगस्त को रिलीज होने वाली है इस सीरीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। ●

## जब कंगना की अंग्रेजी का सोनम ने उड़ाया था मजाक



करण जौहर ने सोनम कपूर से पूछा कि अगर उन्हें किसी को फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने की पॉवर देनी हो तो वह किसी देंगी? इस पर सोनम कपूर शुरुआत में थोड़ा हिचकिचाती हैं लेकिन फिर कंगना रनौत का नाम लेती हैं। हालांकि, सोनम कपूर ने कंगना रनौत के फैशन सेंस की तारीफ की। इस क्लिप को शेयर करते हुए कंगना रनौत ने लिखा है, इतने सालों तक मूवी माफिया से लड़कर मैंने बस यही तो कमाया है कि अब किसी आउटसाइडर को उसकी इंग्लिश को लेकर मजाक नहीं उड़ाया जाएगा। वैसे ये शो आधकारिक तौर पर हमेशा के लिए बंद हो चुका है। कंगना रनौत ने अगली पोस्ट में लिखा है, प्लीज आखिर में मेरा कमबैक मिस मत करिएगा। 24 साल की उम्र में खुलकर बुली किए जाने, अपमानित होने और मजाक उड़ाए जान के बाद भी मैंने अनुशासित रवैया और विनम्रता दिखाई जो अंग्रेजी बोलने वाली अच्छी परवरिश में पली-बढ़ी और गॉसिप करने वाली आंटियां कभी नहीं दिखा सकतीं। ●

## सुपरस्टार की बेटी होना इस स्टार किड को पड़ा भारी

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्ट आमिर खान की बेटी इरा खान एक स्टार किड होने के नाते अक्सर ही सुर्खियों का हिस्सा रहती हैं, लेकिन इस बार इरा खान ने मेंटल हेल्थ पर अपने विचार रख सोशल मीडिया की सारी लाइमलाइट अपनी तरफ खींच ली है। इरा खान का कहना है कि जिस तरह की फैमिली में वह बड़ी हुई हैं उसका उनकी मानसिक स्थिति पर असर हुआ है। साथ ही इरा खान ने कहा बतौर स्टार किड वह हमेशा लाइमलाइट में रहीं और उनके अनुसार, इस चीज ने उनकी जिंदगी पर गहरा असर छोड़ा है और चीजों को



बुरा बनाया है। इरा खान ने हाल ही में एक मीडिया से बातचीत की है। जहां इरा ने कहा- डिप्रेशन का कोई एक कारण नहीं होता है। यह आप जिस माहौल में रहते हैं, उस अनुसार आपकी पर्सनैलिटी बन जाती है। यह कहना बहुत बचकाना होगा कि मैं जिस फैमिली में बड़ी हुई हैं, उसने मेरी मानसिक स्थिति पर कोई असर नहीं छोड़ा है।

जो भी चीजें जिंदगी में हुईं, वह हुईं। तो हां 100 परसेंट फैमिली का हिस्सा होना, मेरी मेंटल हेल्थ पर असर पड़ा है। कुछ तरह से इसने मेरी मदद की और कुछ तरह से मेरी मदद नहीं की थी। इरा ने अपने क्लिनिकल डिप्रेशन फेज के बारे में बात करते हुए बताया- उनके पास असरदार ट्रीटमेंट कराने के लिए फाइनेंशियल रिसोर्सेज थे और ध्यान रखने के लिए लोग भी थे। इरा खान ने कहा- डिप्रेशन और डर ने उन्हें अपाहिज बना दिया था। इरा खान ने फिर बताया इसी तरह से डर से जूझ रहे लोगों के लिए उन्होंने फिर साल 2021 में अगस्तू फाउंडेशन बनाया था। इरा ने साथ ही कहा, लेकिन वह करीब डेढ़ साल तक इस फाउंडेशन के लिए कुछ नहीं कर पाईं क्योंकि साल 2022 जुलाई तक वह खुद डिप्रेशन का शिकार थीं...! ●

# गेमिंग कंपनियों को लगा झटका, डेल्टा कार्प और नजारा टेक्नोलॉजी के शेयर डूबे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग स्टॉक्स जैसे नजारा टेक्नोलॉजीज और डेल्टा कॉर्प के शेयरों में बुधवार को सत्र में जोरदार गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट की वजह 50वीं जीएसटी काउंसिल की ओर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हॉर्स रेसिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने को माना जा रहा है। आज के कारोबारी सत्र में ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो चलाने वाली कंपनी डेल्टा कॉर्प के शेयर की शुरुआत 10 प्रतिशत के लोअर सर्किट से हुई और शेयर 222.05 रुपए पर खुला। इसके बाद शेयर को संभलने का मौका नहीं मिला और गिरावट बढ़ती चली गई और डेल्टा कॉर्प ने 175.65 का न्यूनतम स्तर छुआ। कारोबार की समाप्ति पर शेयर 23 फीसदी गिरावट के साथ 190 रुपए पर ट्रेड कर रहा था।

## मल्टी यूजर व्हीकल पर 22 फीसदी कंपनसेशन टैक्स लगाने का भी ऐलान

### क्या कहते हैं जानकार

इंडियाप्लेज के सीओओ, आदित्य शाह कहते हैं कि जीएसटी काउंसिल द्वारा की गई हालिया घोषणा से न केवल ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म की नए गेम और तकनीकों को विकसित करने की क्षमता बाधित होगी, बल्कि बाजार में उनकी कंप्टीटिवनेस भी कमजोर होगी। उन्होंने कहा था कि यह काफी नुकसान पहुंचाएगा। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री के अस्तित्व पर भी सवाल खड़ा हो सकता है, क्योंकि इतने हाई टैक्सेशन के साथ कोई भी कारोबार जीवित नहीं रह सकता है।



*नजारा टेक्नोलॉजी का शेयर टूटा : नजारा टेक्नोलॉजीज का शेयर भी शुरुआती कारोबार में ही 14 प्रतिशत तक गिर गया था। शेयर 610 पर खुला था, जिसके तुरंत बाद शेयर 606.25 तक गिर गया, लेकिन बाद में शेयर में जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली और कारोबार की समाप्ति पर 3.33 प्रतिशत गिरावट के साथ 683 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है।*

### जीएसटी काउसिंल में हुआ फैसला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया कि हमें ये निर्णय बताते हुए बेहद खुशी हो रही है। जीएसटी नियमों में बदलाव किया गया है। ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कैसिनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर जीएसटी बढ़ने से टैक्स का बोझ पहले के मुकाबले काफी अधिक बढ़ जाएगा। रिपोर्ट की मानें तो ये इंडस्ट्री 30 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रही है।

### एमयूवी पर एक्स्ट्रा 22 फीसदी कंपनसेशन सेस

जीएसटी काउंसिल ने यूटिलिटी व्हीकल की डेफिनेशन और रजिस्ट्रेशन के लिए नॉर्म्स को कड़ा करने का फैसला लिया है। मल्टी यूटिलिटी वाहनों यानी एमयूवी के टैक्सेशन को भी पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया गया है। काउंसिल एमयूवी के लिए 22 फीसदी कंपनसेशन सेस लगाने की सिफारिश पर सहमत हो गई है, लेकिन सेडान को इस लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। दो राज्य, पंजाब और तमिलनाडु सेडान को इस लिस्ट में शामिल करने के खिलाफ हैं, जिससे जीएसटी टैक्स में इजाफा होगा. खास बात तो ये है कि ये 22 फीसदी कंपनसेशन सेस उस 28 फीसदी जीएसटी रेट से अलग होगा जो एमयूवी पर लगा हुआ है।

---

## इस साल मई में उत्पादन 5.2 फीसदी बढ़ा

# विनिर्माण व खनन क्षेत्र का बेहतर प्रदर्शन, औद्योगिक उत्पादन बढ़ा

- पिछले माह अप्रैल में इसमें 4.5 फीसदी वृद्धि हुई थी
- खनन क्षेत्र में 6.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई
- बिजली उत्पादन में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन इस साल मई में 5.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले महीने अप्रैल में इसमें 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल मई में 19.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'मार्च, 2020 के बाद से कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न असामान्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पिछले साल के इसी महीने की वृद्धि के आंकड़े को देखा जाना चाहिए।'

### एनएसओ ने जारी किया आंकड़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन इस साल मई में 5.7 प्रतिशत बढ़ा। जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
बिजली उत्पादन में आलोच्य महीने में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले साल मई महीने में यह 20.7 प्रतिशत रही थी।





### पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि

खनन क्षेत्र के उत्पादन में इस साल मई महीने में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 11.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। उपयोग आधारित वर्गीकरण के आधार पर पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर आलोच्य महीने 8.2 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 53.3 प्रतिशत थी।

### एफएमसीजी क्षेत्र 1.1 फीसदी की दर से बढ़ा

टिकाऊ उपभोक्ता सामानों का उत्पादन मई महीने में 1.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 59.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के उत्पादन में मई महीने में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी माह में यह 1.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।



### मध्यवर्ती वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा


मध्यवर्ती वस्तुओं का उत्पादन मई में 1.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 12.9 प्रतिशत रही थी।

### निर्माण इकाईयों में तेजी रही

बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं के मामले में वृद्धि दर आलोच्य महीने में 14 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 18.4 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन इस साल मई में 3.5 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले इसी महीने में 17.8 प्रतिशत बढ़ा था।

---

# टीसीएस के लाभ में 17% का इजाफा





एजेंसी ▶▶| मुंबई

- जून तिमाही में बढ़कर 11,074 करोड़ रुपए

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 16.83 प्रतिशत बढ़कर 11,074 करोड़ रुपये रहा है।

टीसीएस की परिचालन आय सालाना आधार पर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 12.55 प्रतिशत बढ़कर 59,381 करोड़ रुपये रही। यह पिछली मार्च तिमाही के 59,162 करोड़ रुपये के मुकाबले मामूली अधिक है। कंपनी का कुल व्यय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 45,789 करोड़ रुपये रहा। दुनिया के प्रमुख बाजारों में चुनौतियों को देखते हुए 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र को निकट भविष्य में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसके पास कुल ऑर्डर 10.2 अरब डॉलर का है, जिसे एक अच्छी स्थिति माना जा सकता है। टीसीएस के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने कहा, 'नई उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ दीर्घकाल में कंपनी की सेवाओं की मांग को लेकर हमारा भरोसा बरकरार है।' कंपनी का परिचालन लाभ मार्जिन मामूली रूप से बढ़कर 23.2 प्रजिशत रहा जो एक साल पहले 23.1 प्रतिशत था।

### कर्मचारियों की संख्या 6.15 लाख से अधिक

टीसीएस के मुख्य वित्त अधिकारी समीर सेकसरिया ने कहा कि 23.2 प्रतिशत के परिचालन लाभ मार्जिन में कर्मचारियों के लिये वार्षिक वेतनवृद्धि का दो प्रतिशत प्रभाव शामिल है। टीसीएस ने इस दौरान 523 नये कर्मचारियों को जोड़ा और 30 जून, 2023 तक उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 6.15 लाख से अधिक हो गयी।

---

# सेबी ने नौ इकाइयों पर पाबंदी जारी रखी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





- यूट्यूब पर निवेश की भ्रामक जानकारी देने का आरोप

बाजार नियामक सेबी ने सोशल मीडिया मंच यूट्यूब के कई चैनलों पर भ्रामक वीडियो डालकर शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट लिमिटेड की शेयर कीमतों में हेराफेरी करने के मामले में नौ इकाइयों पर लगाई गई पाबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस मामले की प्रथम दृष्टया जांच के आधार पर मार्च में 24 इकाइयों को शेयर बाजारों में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया था। इनमें से नौ कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध की अब उसने पुष्टि कर दी है।

सेबी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि ये इकाइयां फर्जी एवं अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध (पीएफयूटीपी) नियमों के तहत प्रथम दृष्टया संलिप्त पाई गई थीं और इस अंतरिम आदेश को पुष्ट किया जाता है।

### शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट ने दी थी सलाह

सेबी ने अपनी जांच में पाया था कि मई, 2022 के दूसरे पखवाड़े में शार्पलाइन ब्रॉडकास्ट कंपनी के शेयरों के बारे में यूट्यूब पर कुछ भ्रामक एवं गलत वीडियो डाले गए थे। इन वीडियो में निवेशकों को इस कंपनी के शेयरों में निवेश की सलाह दी गई थी।

---

## मारुति ने उतारा फ्रॉन्क्स का सीएनजी संस्करण





नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बुधवार को अपने कॉम्पैक्ट एसयूवी मॉडल फ्रॉन्क्स का सीएनजी संस्करण पेश किया। इसकी शुरुआती कीमत 8.41 लाख रुपये है। एमएसआई ने फ्रॉन्क्स का सीएनजी संस्करण दो ट्रिम में उतारा है। सिग्मा ट्रिम में इसकी कीमत 8.41 लाख रुपये और डेल्टा ट्रिम में इसकी कीमत 9.27 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने इन सीएनजी संस्करणों के एक किलो सीएनजी में 28.51 किलोमीटर की दूरी तय करने का दावा किया है। फ्रॉन्क्स को कुछ महीने पहले ही 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया गया था। मारुति को उम्मीद है कि फ्रॉन्क्स के सीएनजी संस्करण को ग्राहकों का समर्थन मिलेगा और उसकी सीएनजी हिस्सेदारी बढ़ेगी। एमएसआई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'वर्ष 2010 में हम पहली बार सीएनजी मॉडल लेकर आए थे। उसके बाद से अब तक हम 14 लाख से भी अधिक सीएनजी वाहन बेच चुके हैं।

---

## लाइटर आयात के लिए गुणवत्ता मानक लागू

नई दिल्ली। सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात को रोकने और इन उत्पादों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीने योग्य पानी की बोतलों और लौ पैदा करने वाले लाइटर के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं। इस संबंध में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पांच जुलाई को एक अधिसूचना जारी की थी।इन गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के तहत दो वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री/व्यापार, आयात और स्टॉक तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) का चिह्न न हो। अब, बीआईएस अधिनियम, 2016 के अनुसार गैर-बीआईएस प्रमाणित उत्पादों का विनिर्माण, भंडारण और बिक्री प्रतिबंधित है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधान का उल्लंघन करने पर पहली बार अपराध की स्थिति दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

---

## बिजनेस साइट

# स्वास्तिक ग्रुप का प्रीमियम प्लॉट्स प्रोजेक्ट रोजबे ग्रीन एक्सटेंशन जल्द आ रहा



रायपुर। शहर के रिंग रोड नं. 03 के पास श्री स्वास्तिक ग्रुप का नया प्रोजेक्ट "रोजबे ग्रीन एक्सटेंशन" बहुत जल्द आ रहा है, जिसकी लॉंचिंग की तैयारी है। यह प्रोजेक्ट 16.50 एकड़ में विकसित होगा। ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि नवा रायपुर के पास पिरदा चौक में रोजबे ग्रीन एक्सटेंशन बहुत जल्द शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट के डायरेक्टर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट नवा एवं पुराना रायपुर को आपस में जोड़ता है। यह क्षेत्र तीव्र गति से विकसित हो रहा है। प्रोजेक्ट में उच्च स्तरीय सुविधाएं दी जाएगी। इसमें क्लब हाउस, मल्टीपर्पस हॉल, योगा जोन,जिम, स्वीमिंग पुल, किडस प्ले एरिया, इण्डोर गेम्स एरिया, गेस्ट रूम, आदि सुविधा रहेगी। इसके अलावा एम्पी थियेटर, टेनिस कोर्ट, बेडमिंटन कोर्ट, वॉकिंग/जॉगिंग ट्रेक, मंदिर, लैण्ड स्कैप गार्डन, ओपन जिम, योगा गार्डन, सिनियर सिटीजन गार्डन एवं अन्य आउटडोर गेम्स की सुविधा लोगों को दी जाएगी। इस प्रोजेक्ट को स्मार्ट सिटी रायपुर को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। सुविधाओं में भव्य प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, बाउण्ड्रीवाल, स्ट्रीट लाईट, क्रांक्रिट रोड, वाटर टेंक, सम्पवेल, एस.टी.पी. प्लांट, वाटर लाईन, सीवरेज लाईन, ड्रेनेज लाईन रहेगी। प्रोजेक्ट के लैण्ड स्केपिंग आर्किटेक्चरल का काम अंतरराष्ट्रीय स्तर के लैण्ड स्केपर एवं आर्किटेक्ट से कराया जा रहा है।

## बच्चों में हड्डियों की समस्या, 15 जुलाई को मिलेगा परामर्श



रायपुर। शहर के देवेन्द्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में 15 जुलाई को जुपिटर हॉस्पिटल इंदौर के पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ ओपीडी में परामर्श एवं सर्जरी के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके लिए नारायणा हॉस्पिटल में सुबह 11 से शाम 4 बजे के बीच ऐसे बच्चों की जांच एवं सर्जरी के लिए डॉ. अर्पित अग्रवाल मौजूद रहेंगे। जिन बच्चों की हड्डियों एवं मांसपेशियों से संबंधित समस्या है। उनके गार्जियन ओपीडी के दौरान बाल अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा हाथों एवं पैरों के टेढ़ेपन के उपचार एवं सर्जरी के बारे में सलाह ले सकेंगे। जिन बच्चों को लचक कर चलने या देरी से चलने की समस्या है। उन बच्चों की नसों, मांसपेशियों व हड्डी की बीमारी का इलाज भी किया जाएगा। इसके लिए लोग श्री नारायणा हॉस्पिटल में अग्रिम पंजीयन भी करवा सकते हैं। जिन लोगों ने पहले ही पंजीयन करवाया है, उनके बच्चों की सर्जरी भी होगी।

---

# शेयरों में तीन दिनों से जारी तेजी थमी

- मुनाफावसूली से सेंसेक्स 224 अंक गिरा



मुंबई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पहली तिमाही के नतीजों और महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा से पहले बुधवार को मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी का दौर थमा और सेंसेक्स करीब 224 अंक टूट गया। सेंसेक्स 223.94 अंक टूटकर 65,393.90 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक ने 65,320.25 के निचले स्तर और 65,811.64 के ऊपरी स्तर को भी छुआ। निफ्टी भी 55.10 अंक गिरकर 19,384.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, मारुति, एचडीएफसी और टाटा स्टील में गिरावट रही।

---

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री जून में दो प्रतिशत बढ़ी: सियाम

- मल्टी यूटिलिटी वाहनों की अच्छी मांग बनी हुई है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जून में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 3,27,487 इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मल्टी यूटिलिटी वाहनों की अच्छी मांग बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक जून 2022 में डीलरों को 3,20,985 यात्री वाहन भेजे गए थे।

सियाम ने कहा कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 13,30,826 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 13,08,764 इकाई थी। बयान के मुताबिक समीक्षाधीन माह में तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री लगभग दो गुना बढ़कर 53,019 इकाई हो गई, जबकि जून 2022 में यह 26,701 इकाई थी। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 9,95,974 इकाई हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 9,10,495 इकाई थी। जून तिमाही में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 41,40,964 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 37,24,533 इकाई थी।

---

## कंपनी के चेयरमैन ने नहीं किया साझेदारों के नाम का खुलासा

# सेमीकंडक्टर परियोजना के लिए तैयार हैं कई साझेदार: वेदांता


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- परियोजना से ताइवानी साझेदार फॉक्सकॉन ने खींच लिया है हाथ

वेदांता समूह की सेमीकंडक्टर परियोजना से ताइवानी साझेदार फॉक्सकॉन के अलग होने के बाद कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि इस उपक्रम के लिए कई भागीदार तैयार हैं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार, सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए 19.5 अरब डॉलर का निवेश किया जाना था। उन्होंने कहा कि वेदांता इस साल चिप विनिर्माण के क्षेत्र में प्रवेश करेगी। अग्रवाल ने हालांकि नए साझेदार के नाम का खुलासा नहीं किया।

*वेदांता का अब तक 35 अरब डॉलर निवेश*

*अग्रवाल ने कहा कि वेदांता लिमिटेड ने भारत में अबतक 35 अरब डॉलर का निवेश किया है और कंपनी आने वाले वर्षों में विभिन्न कारोबार में 'उल्लेखनीय निवेश' करेगी। अग्रवाल ने कहा कि समूह चालू वित्त वर्ष में 1.7 अरब डॉलर (14,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगा।*



### कंपनी इस साल फैब व डिस्प्ले फैब में कदम रखेगी

चेयरमैन ने फॉक्सकॉन के पीछे हटने का जिक्र किए बिना कहा, 'हमने अपने सेमीकंडक्टर उद्यम के लिए साझेदार तैयार कर लिए हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'इस साल कंपनी सेमीकंडक्टर फैब और डिस्प्ले फैब के क्षेत्र में कदम रखेगी। यह सरकारी मंजूरियों पर निर्भर करेगा।'

### हर साल 100 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात

अग्रवाल ने वेदांता के शेयरधारकों की वार्षिक बैठक में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक बड़ा अवसर है क्योंकि भारत हर साल 100 अरब डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात करता है। इसमें 30 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ग्लास शामिल हैं।

*होन हाई टेक्नोलॉजी ही फॉक्सकॉन*


*होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप, जिसे फॉक्सकॉन के नाम से भी जाना जाता है, ने इस सप्ताह की शुरुआत में वेदांता के साथ चिप विनिर्माण के संयुक्त उद्यम से हाथ खींच लिया था। फॉक्सकॉन ने हालांकि कहा कि वह सरकार की सेमीकंडक्टर विनिर्माण योजना के तहत आवेदन करना चाहती है।*

*ज्यादातर चिप कुछ देशों में ही बनाए जाते हैं : वेदांता ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह समूह की एक कंपनी से सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ग्लास इकाइयों का अधिग्रहण करेगी। दुनिया के ज्यादातर चिप कुछ देशों में ही बनाए जाते हैं, और भारत इस क्षेत्र में काफी देरी से प्रवेश कर रहा है। इनका इस्तेमाल मोबाइल फोन से लेकर रेफ्रिजरेटर और कारों तक, कई तरह के उपकरणों में होता है।*

---

## खबर संक्षेप

### दो सहकारी बैंकों के हुए लाइसेंस रद्द



मुंबई। आरबीआई ने दो सहकारी बैंकों- कर्नाटक के तुमकुर स्थित श्री शारदा महिला सहकारी बैंक और महाराष्ट्र में सतारा स्थित हरिहरेश्वर बैंक के लाइसेंस रद्द कर दिए। दोनों बैंकों के पास पास 'पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं बची' थी। बैंक कारोबार के बंद होने का आदेश 11 जुलाई, 2023 से प्रभावी हो गया है।'

### ट्रक की केबिन में एसी लगाना हुआ अनिवार्य



नई दिल्ली। सरकार ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडीशनर को अनिवार्य करने संबंधी मसौदा अधिसूचना जारी कर दी। सरकार के इस फैसले से देश में ट्रक चालकों की काम करते समय स्थिति में सुधार होगा। मसौदा अधिसूचना के तहत एक जनवरी, 2025 से निर्मित श्रेणियों एन2 और एन3 से संबंधित मोटर वाहनों के केबिन में एसी को अनिवार्य किया गया है।

### ई-रुपया के लेनदेन का लक्ष्य बढ़ाया गया



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने कहा कि केंद्रीय बैंक का लक्ष्य वर्ष 2023 के अंत तक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) यानी ई-रुपये के लेनदेन को बढ़ाकर 10 लाख प्रतिदिन करने का है। फिलहाल ई-रुपये में लेनदेन का आंकड़ा 5,000 से 10,000 प्रतिदिन है।

### सोने में 195 रुपए की तेजी चांदी 200 रुपए मजबूत



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 195 रुपये की तेजी के साथ 59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,505 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 72,700 रुपये प्रति किलो पर बंद हुआ।

### पुंज लॉयड के लिए नहीं मिला खरीदार

Punj Lloyd

नई दिल्ली। कर्ज में फंसी इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कंपनी पुंज लॉयड को पहले दौर की ई-नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। कंपनी परिसमापन प्रक्रिया से गुजर रही है। नीलामी के दौरान कारोबार जारी रखने लायक होने के आधार पर कंपनी के लिये आरक्षित मूल्य 1,061 करोड़ रुपये रखा गया था।


### इलुमिना पर 47.5 करोड़ डॉलर का लगा जुर्माना





ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ ने बुधवार को अमेरिकी बायोटेक कंपनी इलुमिना पर 47.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा नियामक की मंजूरी लिए बिना कैंसर-स्क्रीनिंग कंपनी ग्रेल को खरीदने के लिए इलुमिना पर यह जुर्माना लगाया गया है। इलुमिना ने 2020 में ग्रेल का 7.1 अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। इस पर यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने कहा कि उसकी सहमति के बिना सौदे को पूरा करने के लिए आगे बढ़कर इलुमिना ने संघ के विलय के नियमों को तोड़ा है।

### खबर संक्षेप



## अभिषेक ने पैदल चाल में जीता कांस्य

**बैंकॉक।** अभिषेक पाल ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पदक का खाता खोलते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिताओं के पहले दिन कांस्य पदक जीता। अभिषेक ने 10 हजार मीटर पैदल चाल में 29 मिनट 33.26 सेकेंड के साथ के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह जापान के रेन तजावा (29 मिनट 18.44 सेकेंड) और कजाखस्तान के कोएच किमुताइ शैड्रैक (29 मिनट 31.63 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहे।

## दीपा को एशियाई खेलों में मिली जगह

**भुवनेश्वर।** भारत की स्टार जिमनास्ट दीपा करमाकर ने बुधवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद एशियाई खेलों की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। त्रिपुरा की यह 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक से चूक गई थी। डोपिंग उल्लंघन के कारण वह 21 महीने तक निलंबित थी। मंगलवार को 29 वर्षीय दीपा ने ट्रायल के दौरान ऑल-अराउंड स्पर्धा में 47.05 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रणति दास और प्रणति नायक ने ट्रायल में 45.80 और 44.43 का स्कोर करके दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## कुश्ती के ट्रायल 22 और 23 को दिल्ली में होंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए नियुक्त तदर्थ समिति ने एशियाई खेलों के लिए बहुप्रतीक्षित कुश्ती ट्रायल 22 और 23 जुलाई को आयोजित करने का बुधवार को फैसला किया। समिति हालांकि अभी यह निर्णय नहीं ले सकी है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों में से किसी को ट्रायल में छूट दी जाए या नहीं। आईओए ने ओसीए से इस तिथि को 22 जुलाई से आगे बढ़ाने की मांग की थी। ओसीए ने इस मांग को खारिज कर दिया।



## कथुनिया को रजत के साथ पैरालंपिक कोटा

**ओसियेक।** योगेश कथुनिया बुधवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की चक्का फेंक स्पर्धा के एफ56 वर्ग में रजत पदक के साथ 2024 पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक जीतने वाले 26 साल के कथुनिया ने 43.17 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। ब्राजील के बतिस्ता डोस सांतोस क्लॉडिनी ने 46.07 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के लाक्जो दुसान ने 42.70 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता।



# एशिया कप : भारत नहीं जाएगा पाकिस्तान, धूमल ने की पुष्टि, श्रीलंका में होंगे मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा जिस पर मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व पदाधिकारियों ने मंजूरी जताई थी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

- आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले बीसीसीआई और पीसीबी राजी


धूमल इस समय डरबन में आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की बैठक के लिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की गुरुवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई ताकि एशिया कप का कार्यक्रम तय हो सके। इस महीने की शुरुआत में पद संभालने वाले अशरफ ने नजम सेठी की अध्यक्षता वाले पीसीबी के पूर्व प्रशासन द्वारा हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दिए जाने पर नाराजगी जताई थी। पीसीबी 31 अगस्त से 17 सितंबर तक होने वाले एशिया कप का मेजबान है जो पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे और नौ मैच श्रीलंका में होंगे

### कार्यक्रम लगभग तय



धूमल ने कहा, 'हमारे सचिव ने पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। यह उसी के अनुरुप है जिस पर पहले बात की गई थी। पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है। दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वह भी श्रीलंका में होगा।'



**पाक में होंगे चार लीग मैच**

*धूमल ने पाकिस्तान मीडिया में आ रही इन अटकलों को खारिज किया कि भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी। पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी के हवाले से ऐसी खबरें आ रही थीं। धूमल ने कहा, 'इस तरह की कोई बात नहीं हुई। भारतीय टीम या हमारे सचिव पाकिस्तान नहीं जाएंगे। सिर्फ कार्यक्रम तय किया गया है।' भारतीय टीम श्रीलंका के दाम्बुला में पाकिस्तान से खेल सकती है। पाकिस्तान का अपनी धरती पर एकमात्र घरेलू मैच नेपाल के खिलाफ होगा। इनके अलावा पाकिस्तान में अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, बांग्लादेश बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान मैच होंगे।*

### हाइब्रिड मॉडल को दी थी मंजूरी

*बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शायद पाकिस्तानी खेलमंत्री को एशियाई क्रिकेट परिषद की पूर्व में हुई बैठक के बारे में पता नहीं है जिसमें कार्यकारी समिति ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी थी जिसका सुझाव पूर्व पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने दिया था। बैठक के दौरान मौजूद एसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया, 'हमें पीसीबी की अंदरूनी घटनाओं से कोई सरोकार नहीं है। हमें इतना पता है कि हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी ने मंजूरी जताई थी। इसके बारे में पीसीबी ने आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की थी कि चार मैच पाकिस्तान में होंगे और बाकी श्रीलंका में।' जहां तक विश्व कप का सवाल है तो पीसीबी को आईसीसी सदस्य प्रतिभागिता समझौता मानना होगा जिस पर 2015 में आठ साल के लिए सभी पूर्ण सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे।*

## टेस्ट : अश्विन 700+ विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज

# अश्विन के 'पंजे' से वेस्टइंडीज पहले ही दिन 150 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| रोसीयू

रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को पहले ही दिन 150 रन पर ढेर कर दिया। अश्विन ने अब तक 24.3 ओवर में 60 रन देकर पांच विकेट लिए। वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा ने 14 ओवर में 26 रन पर तीन विकेट लिए हैं। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली है। वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण कर रहे एलिक अथानेज अर्धशतक से चूक गए। वह 47 रन बनाकर अश्विन का चौथा शिकार बने।

रविचंद्रन अश्विन ने डेब्यू मैच खेल रहे एलीक एथनॉज (47 रन), अल्जारी जोसेफ (4 रन), कप्तान क्रैग ब्रेथवेट (20 रन) और तेजनारायण चंद्रपॉल (12 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। अश्विन ने 702वां इंटरनेशनल विकेट लिया है। वे 700 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं। तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अश्विन 16वें नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीकी गेंदबाज डेल स्टेन (699 विकेट) को पीछे छोड़ा। उनसे पहले अनिल कुंबले (956 विकेट) और हरभजन सिंह (711 विकेट) ही यह कारनामा कर सके हैं।



### अश्विन ने पिता और पुत्र को आउट कर बनाया रिकॉर्ड

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन तेगनारायण चंद्रपॉल को आउट कर अपने शानदार टेस्ट कॅरियर में पिता और पुत्र दोनों के विकेट लेने का दुर्लभ गौरव हासिल किया। अश्विन ने 2011 में नई दिल्ली में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने इस मैच में तेगनारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपॉल को आउट किया था। बारह साल पहले हुए उस टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अश्विन ने सीनियर चंद्रपॉल को पगबाधा किया था। इस मैच से पहले टेस्ट में 474 विकेट लेने वाले अश्विन ने बुधवार को युवा बल्लेबाज तेगनारायण को अपनी फिरकी में फंसा कर बोल्ड किया। इस कारनामे के बाद वह अपने करियर के दौरान पिता और पुत्र दोनों को आउट करने वाले विश्व क्रिकेट के केवल पांचवें गेंदबाज बन गए।

### यशस्वी, किशन ने किया डेब्यू ...

रोसीऊ। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में बुधवार को भारत के लिए यशस्वी जायसवाल और इशान किशन टेस्ट में पदार्पण किया। वहीं अंतिम एकादश में तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने वापसी की है।



## बोपन्ना-एबडेन की धमाकेदार जीत विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने विम्बलडन में अपना स्वप्निल सफर जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में टालोन ग्रिक्सपुर और बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को बुधवार को यहां कड़े संघर्ष के बाद 6-7, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी।

बोपन्ना तीसरी बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे है। यह 43 साल का खिलाड़ी इससे पहले 2015 में विंबलडन के अंतिम चार में पहुंचा था। 2010 में अमेरिकी ओपन उपविजेता बोपन्ना ने पुरुष युगल में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को अब फाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त नीदरलैंड और ब्रिटिश खिलाड़ी की जोड़ी वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूपस्की की चुनौती से पार पाना होगा। बोपन्ना और एबडन की जोड़ी एक घंटे और 54 मिनट तक चले मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की। पहले सेट को टाई ब्रेक में गंवाने के बाद इस जोड़ी ने दूसरे सेट को टाई ब्रेक में जीता।

### सबालेंका की शानदार जीत

आर्यना सबालेंका ने यहां मेडिसन कीज के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ लगातार दूसरी बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने कीज को 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। इस साल ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में सबालेंका की जीत-हार का रिकॉर्ड 17-1 है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता जबकि फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची। विंबलडन में भी वह पांच जीत दर्ज कर चुकी हैं। ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सबालेंका की यह लगातार छठी जीत है। ट्यूनीशिया की छठी वरीयता प्राप्त जेब्यूर ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन एलिना रिबाकिना 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर पिछले साल फाइनल में मिली हार का बदला लिया। रूस के दानिल मेदवेदेव भी पुरुष एकल में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स को 6-4, 1-6, 4-6, 7-6, 6-1 से हराया।

## दलीप ट्रॉफी : दक्षिण क्षेत्र का स्कोर 182/7, पश्चिम क्षेत्र का पलड़ा भारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने बुधवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र का स्कोर सात विकेट पर 182 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा।

पश्चिम क्षेत्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने आसमान में छाए बादलों का पूरा फायदा उठाया। खराब रोशनी और बारिश के कारण बुधवार को हालांकि 65 ओवर का ही खेल हो पाया। केवल कप्तान हनुमा विहारी (130 गेंद में 63 रन) ही दक्षिण क्षेत्र की ओर से टिककर बल्लेबाजी कर पाए। अर्जन नागवासवाला, चिंतन गजा और अतीत सेठ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। तीनों ने गेंद से अच्छी मूवमेंट हासिल करते हुए दक्षिण क्षेत्र के सलामी बल्लेबाजों मयंक अग्रवाल (28) और आर समर्थ (07) को खुलकर बल्लेबाजी नहीं करने दी। समर्थ का धैर्य जल्द ही जवाब दे गया और वह चिंतन की शॉर्ट गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटकीपर हार्विक देसाई को कैच दे बैठे। अग्रवाल और तिलक वर्मा (40) ने इसके बाद पारी का आगे बढ़ाया। अग्रवाल इस दौरान 159 पारियों में 7000 प्रथम श्रेणी रन पूरे करने में सफल रहे।



## टेस्ट और महिला क्रिकेट के लिए अतिरिक्त धन की मांग

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने टेस्ट क्रिकेट और महिला क्रिकेट को बचाने के लिए अतिरिक्त धन की मांग पर जोर दिया है। इसके साथ ही 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट में कटौती का भी सुझाव दिया है। लार्ड्स पर हाल ही में हुई बैठक में एमसीसी की 13 सदस्यीय विश्व क्रिकेट समिति ने हर विश्व कप से एक साल पहले के अलावा द्विपक्षीय वनडे खत्म करने का सुझाव दिया है। समिति ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सुझाव दिया है। एमसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'समिति ने आईसीसी विश्व कप के अलावा पुरुषों के एक दिवसीय क्रिकेट की भूमिका पर भी सवाल उठाए। सुझाव यह है कि वनडे की संख्या में कटौती करने से इसकी गुणवत्ता बढ़ेगी। समिति लगातार सुनती आ रही है कि कई देशों में धनाभाव में पुरुषों के टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी संभव नहीं है। इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को अतिरिक्त कोष की जरूरत है।' इसके साथ ही समिति ने महिला क्रिकेट को मजबूत बनाने के लिए भी अतिरिक्त कोष देने का सुझाव दिया।

## रुद्रांश को एक और स्वर्ण पदक, शीर्ष पर रहा भारत

एजेंसी ▶▶| ओसियेक

पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल विश्व निशानेबाजी पैरा खेल विश्व कप के अंतिम दिन बुधवार को यहां पी1 पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। सोलह साल के रुद्रांश ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 240.6 अंक के साथ जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने इस दौरान टीम के अपने साथी और 2020 टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल को भी पछाड़ा। नरवाल ने 236.4 अंक साथ रजत पदक हासिल किया जबकि संतोष गाधे ने 211.7 अंक के साथ पोडियम पर तीनों भारतीयों की मौजूदगी सुनिश्चित की। भारत प्रतियोगिता में सात स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक जीतकर शीर्ष पर रहा। विश्व कप में 35 देशों के निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। क्वालीफिकेशन में रुद्रांश 557 अंक के साथ आठवें और अंतिम स्थान पर रहे। नरवाल 571 अंक के साथ शीर्ष पर थे।



## सुरक्षा के लिए नाटो के साथ मिलकर काम करें

**सोल, (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने उत्तर कोरिया के एक नए मिसाइल प्रक्षेपण के बाद एशिया-प्रशांत (एपी4) में अपने तीन नाटो सहयोगियों ऑस्ट्रिलिया, जापान और न्यूजीलैंड से सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने का आग्रह किया है। इससे पहले दिन में, उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित की। श्री यून ने विनियस में नाटो शिखर सम्मेलन से इतर ऑस्ट्रेलिया, जापान और न्यूजीलैंड के नेताओं के साथ एक बैठक में कहा कि मेरा मानना है कि हमें, एपी4 को एक मजबूत सामूहिक सुरक्षा स्थिति स्थापित करने के लिए नाटो के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

## एलन मस्क ने नई कंपनी लॉन्च की

नई दिल्ली, (आरएनएन)। टेस्ला, स्पेसएक्स के सीईओ और ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने बुधवार को ब्रह्मांड की वास्तविक प्रकृति को समझने के गोल के साथ एक नई एआई कंपनी की शुरुआत की घोषणा की। इस कंपनी का नाम एक्सएआई है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक मस्क और उनकी टीम शुक्रवार को लाइव ट्विटर स्पेस चैट में इससे जुड़ी और ज्यादा जानकारी शेयर करेगी। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, एक्सएआई की टीम में डीपमाइंड, ओपनएआई, गूगल रिसर्च, माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च और टेस्ला में काम कर चुके लोग हैं।

## पाकिस्तान में सैन्य शिविर पर हमला, चार सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान स्थित एक सैन्य शिविर पर हुए आतंकवादी हमले में चार सैनिक मारे गए हैं, जबकि अन्य पांच गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में बताया गया कि यह हमला बुधवार तड़के हुआ। सेना के मुताबिक आतंकवादियों के एक समूह ने प्रांत में सेना के झोब गैरिसन तुकड़ी शिविर पर कायरतापूर्ण हमला किया। आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादियों के शिविर में घुसने के प्रारंभिक प्रयास को ड्यूटी पर तैनात सैनिकों विफल किया गया।'' बयान में कहा गया कि इस दौरान दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

# भारत के लिए कई मायनों में अहम प्रधान मंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा

### आज होंगे रवाना, कई सौदों पर होंगे हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** पीएम की यह यात्रा भारत के लिए कई मायनों में अहम होने वाली है। इस दौरान रक्षा, दूरसंचार और अंतरिक्ष समेत कई क्षेत्रों में डील हो सकती हैं। इसमें राफेल समुद्री विमान राफेल एम का सौदा सबसे खास होगा। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट (राफेल एम) और तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियां खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। इसके साथ ही अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देश आगे आ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 13 जुलाई से दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस पहुंचेंगे। पीएम गुरुवार को ला सीन म्यूजिकल में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां एलिसी पैलेस में अपने आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री के लिए प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं के द्विपक्षीय वार्ता करने और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने की संभावना है।14 जुलाई को पेरिस में बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि होंगे। इसी दिन दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की चर्चा होगी।

### इस बार 26 समुद्री राफेल एम खरीदेगा भारत



पीएम मोदी की यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट (राफेल एम) खरीदने के लिए अरबों डॉलर के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। इससे पहले रक्षा बलों द्वारा यह प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के समक्ष रखे गए थे। प्रस्तावों के अनुसार, भारतीय नौसेना को चार प्रशिक्षक विमानों के साथ 22 सिंगल सीटेड राफेल एम मिलेंगे। भारतीय नौसेना अपने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत पर पुराने मिग-29 के स्थान पर इन लड़ाकू विमानों को तैनात करेगी।

### हो सकते हैं तीन और स्कॉर्पीन पनडुब्बी पर डील



मुंबई में मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड (एमडीएल) में तीन और स्कॉर्पीन (कालवेरी) श्रेणी की डीजल-इलेक्ट्रिक 'किलर-हंटर' पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर हो सकता है। भारत ने एमडीएल में पांच स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का निर्माण किया है। छठी कालवेरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर अगले साल चालू हो सकती है। तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को नौसेना द्वारा प्रोजेक्ट-75 के हिस्से के रूप में रिपीट क्लॉज के तहत हासिल किया जाएगा।

### कई क्षेत्रों के लिए अहम है यात्रा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और फ्रांस के राष्ट्रीय अंतरिक्ष अध्ययन केंद्र ने भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए एक इंडो-फ्रेंच कार्य समूह की स्थापना की है। इस सहयोग के विस्तार पर चर्चा हो सकती है। भारत और फ्रांस 5जी और 6जी दूरसंचार प्रणालियों में सहयोग की भी घोषणा कर सकते हैं। भारत और फ्रांस स्वदेशी रूप से विकसित इंजनों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हार्डवेयर प्लेटफार्मों के विनिर्माण को बढ़ाने के लिए एक रक्षा-औद्योगिक रोड मैप पर हस्ताक्षर करेंगे।

**फ्रांस यात्रा के बाद यूएई जाएंगे पीएम** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद 15 जुलाई को अबु-धाबी के लिए उड़ान भरेंगे।

# धांधली के आरोप से अधर में बंगाल पंचायत चुनाव नतीजे

### हाईकोर्ट बोला- अंतिम नतीजे हमारे आदेश पर निर्भर होंगे

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के नतीजे अधर में लट गए हैं। 11 जुलाई को आए नतीजों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बंपर जीत हासिल की थी, लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा जारी एक आदेश ने बंगाल की सत्ताधारी पार्टी को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने बुधवार को कहा कि वह मतदान के दिन चुनावी धांधली होने के आरोपों से जुड़े विषयों की सुनवाई कर रही है। इसलिए पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और इसके परिणामों की घोषणा सुनवाई पूरी होने के बाद (अदालत के) अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी।

#### चुनाव आयोग से भी मांगा जवाब

उच्च न्यायालय ने कहा कि जब अदालत ने मामले को अपने हाथ में ले लिया है, तो यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अब तक जो कुछ भी किया गया है वह सब...चुनाव प्रक्रिया और इसके परिणामों की घोषणा इस रिट याचिका में पारित हो सकने वाले आदेशों पर निर्भर करेगा। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग को उन सभी उम्मीदवारों को इस पहलू की सूचना देनी चाहिए, जिन्हें विजेता घोषित किया गया है। अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी), राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## रितु करिधाल, जो चंद्रयान-3 की कराएगी सॉफ्ट लैंडिंग



इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि इस मिशन में कुल 29 डिप्टी डायरेक्टर और 55 प्रोजेक्ट मैनेजर दिन-रात काम में लगे हुए हैं। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग की जिम्मेदारी इस बार एक महिला वैज्ञानिक रितु करिधाल को सौंपी गई है। रितु करिधाल चंद्रयान-3 की मिशन डायरेक्टर हैं और प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. वीरा मुथुवेल हैं। लखनऊ निवासी रितु करिधाल मंगलयान की डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर और चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर रह चुकी हैं।

# मोदी सरनेम केस- राहुल से पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पूर्णेश



**अहमदाबाद।** राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। उन्होंने कोर्ट से मोदी सरनेम मामले में राहुल के पक्ष के साथ-साथ उनका पक्ष भी सुनने की अपील की है। पूर्णेश का कहना है कि अगर राहुल गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हैं तो कोर्ट को उनका पक्ष भी सुनना चाहिए। बिना किसी का पक्ष सुने कोई भी आदेश जारी न किया जाए। हालांकि अभी तक राहुल सुप्रीम कोर्ट नहीं गए हैं, लेकिन वे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। मानहानि केस में 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि इस फैसले के 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके अगले दिन 24 मार्च को राहुल की सांसदी चली गई थी।

#### हाईकोर्ट खारिज कर चुका है राहुल गांधी की याचिका

7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने मानहानि केस में राहुल की 2 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा- इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है।

# महंगाई का कमाल: कर्नाटक में किसान मालामाल दो हजार डिब्बे टमाटर बेचकर कमाए 38 लाख

**बैंगलुरु, (एजेंसी)।** टमाटर खरीदने में भारतीय परिवारों को जेब खाली करनी पड़ रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अगर टमाटर के दामों को देखें तो इसमें पिछले एक महीने में 326.13 फीसदी की बढ़त हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक लोग भले ही टमाटर के चढ़ते दामों से परेशान हों पर एक किसान परिवार के लिए ये बंपर कमाई का मौका बना। कर्नाटक के कोलार में एक किसान परिवार ने कुल 2000 टमाटर के डिब्बे बेचे और और वो घर लौटा तो इसके पास कुल 38 लाख की कमाई थी।

प्रभाकर गुप्ता कोलार के एपीएमसी मार्केट में टमाटर के 54 बक्से ले गए थे जिसमें से 26 डिब्बों के लिए उन्हें 2200 रुपए प्रति बॉक्स मिला जबकि बाकी के डिब्बों के लिए 1800 रुपए प्रति बॉक्स की बोली मिली।

#### इस तरह की कमाई



और उनके भाई लगभग 40 साल से ज्यादा समय से किसानी कर रहे हैं और उनके पास जिले के बेठमंगला में 40 एकड़ की जमीन है. अभी तक प्रभाकर गुप्ता के परिवार को 800 रुपये की कीमत 15 किलो वाले एक टमाटर के बक्से के लिए मिली थी जो उनकी अब तक की बेस्ट कमाई थी. हालांकि इस मंगलवार को उन्होंने 15 किलो वाले एक बॉक्स को 1900 रुपये की कीमत में बेचा. प्रभाकर गुप्ता के चचेरे भाई ने बताया कि वो केवल ऊंची क्वालिटी के टमाटर उगाते हैं. अपनी फर्टिलाइजर और पेस्टीसाइड की जानकारी के जरिए वो फसल को कीड़ों से बचा पाते हैं।

## त्रिपक्षीय आसियान समिट में शामिल हुए जयशंकर



इंडोनेशिया की राजधानी में जकार्ता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग और इंडोनेशिया की विदेश मंत्री मेंतेरी लुआर नेगेरी बुधवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया त्रिपक्षीय सम्मेलन में शामिल हुए।

# मध्यस्थता कानून की जांच करने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनवाई टाली

**नई दिलली, (एजेंसी)।** अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने देश में मध्यस्थता कानून के कामकाज की जांच करने और मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 में सुधारों की सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले पर कार्यवाही दो महीने के लिए स्थगित कर दी। एजी ने सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को बताया कि इस साल 14 जून को गठित विशेषज्ञ समिति ने परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है और सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने में दो महीने से अधिक समय नहीं लगेगा। पीठ में शामिल जस्टिस हृषिकेश रॉय, पी.एस. नरसिम्हा, पंकज मिथल और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि अटॉर्नी जनरल का कहना है कि संविधान पीठ के समक्ष उठने वाले मुद्दे भी समिति के व्यापक ढांचे के भीतर आएंगे। समिति की रिपोर्ट आने के बाद यदि कानून में संशोधन की जरूरत होगी तो सरकार निर्णय लेगी। इस समय हम निर्देश देते हैं कि संविधान पीठ के समक्ष दो संदर्भों को दो महीने यानी 13 सितंबर, 2023 तक के लिए टाल दिया जाए।

## सीमा बोली- अब मैं बन गई ठकुराइन

**ग्रेटर नोएडा, (ब्यूरो)।** अपने चार बच्चों के साथ पाकिस्तान से भागी शादीशुदा सीमा हैदर को एक भारतीय लड़के से इश्क हो गया और वो सरहदों को लांघते हुए अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। पबजी के लवजी की गिरफ्त में आई पाक की महिला सीमा हैदर ग्रेटर नोएडा पहुंचने के बाद अपने प्रेमी सचिन के साथ रहने लगी। पुलिस ने जब दोनों को पकड़ा तब जेल हुई, पांच दिन बाद जमानत मिली और फिर से सीमा और सचिन एक साथ रहने लगे। सीमा ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पाकिस्तान भेजा गया तो वहां उनके दोनों टांग काट दिए जाएंगे, फिर दोनों हाथ काटकर उन्हें मार दिया जाएगा।

# भारत के ब्रह्मोस/एस-400 को नहीं रोक पाएगा चीन भी




ब्रह्मोस को खरीदने को लेकर 6 देश कतार में

**नई दिल्ली।** चीन का एस-400 डिफेंस सिस्टम भारत की ब्रह्मोस मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर सकता है। यह दावा ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ और एमडी अतुल दिनकर राणे ने किया है। उन्होंने कहा कि रूस में बने एस-400 को मुख्य रूप से बैलिस्टिक मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है। इससे ध्वनि की रफ्तार से कई गुना तेज उड़ने वाली किसी क्रूज मिसाइल को रोकना काफी मुश्किल हो सकता है।

भारत केब्रह्मोस खरीदने को लेकर दुनियाभर के छह देशों के साथ बातचीत एडवांस स्टेज में है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के चीफ जनरल मैनेजर प्रवीण पाठक ने बताया किब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की बिक्री पर छह देशों से बातचीत चल रही है। ये सभी ऐसे देश हैं, जिनके साथ बातचीत एडवांस स्टेज में है। उन्होंने यह भी बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में रूचि रखने वाले देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और मध्य-पूर्व के हैं। हालांकि, प्रवीण पाठक ने किसी देश का नाम नहीं लिया।

#### ब्रह्मोस को रोक पाना लगभग नामुमकिन!

राणे ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रह्मोस मिसाइल भारतीय सेना के शस्त्रागार में एक मात्र क्रूज मिसाइल के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जब शुरुआत में इसे लॉन्च किया गया था, तो इसकी क्षमताओं का मुकाबला करने में सक्षम कोई डिफेंस सिस्टम नहीं था। हालांकि, हाल के दिनों में मिसाइल डिफेंस सिस्टम में काफी प्रगति हुई है। राणे ने भरोसा जताया कि ऐसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी ब्रह्मोस की मारक क्षमता को प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

# फर्जी खबरों के मुकाबले के लिए मिलकर काम करें चुनाव प्रबंधन निकाय: सीईसी राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** फर्जी खबरों का असर किस तरह से किसी के निजी जीवन से लेकर राजनीति को प्रभावित कर सकता है, यह किसी से छुपा नहीं है। वहीं भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कोलंबिया में विश्व चुनाव निकाय संघ (ए-वेब) के कार्यकारी बोर्ड की 11वीं बैठक में फर्जी खबरों का मुद्दा उठाया है।उन्होंने कहा कि ए-वेब जैसे मंचों के साथ मिलकर चुनाव प्रबंधन निकाय फर्जी खबरों का मुकाबला करने सहित गंभीर चुनौतियों पर मिलकर काम कर सकते हैं, जो दुनिया भर में चुनावी अखंडता को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। बैठक में भाग लेते हुए, उन्होंने कहा कि चुनाव जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने और महत्वपूर्ण पहल करने वाले चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए ए-वेब वैश्विक पुरस्कार स्थापित करने की भी वकालत की, जिससे लोगों को अच्छा काम करने की प्रेरणा मिले। विश्व चुनाव निकाय संघ दुनिया भर में चुनाव प्रबंधन निकायों का सबसे बड़ा संघ है।

## आज का इतिहास

- **1534:** ऑटोमन सेना ने उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया।
- **1645:** अलेक्सेई रोमानोव अपने पिता माइकल की जगह रूस के शासक बने।
- **1771:** ब्रिटेन के विख्यात नाविक जेम्स कुक की पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्ध की ऐतिहासिक खोज-यात्रा तीन वर्ष के बाद समाप्त हुई।
- 1772- कैप्टन जेम्स कुक ने दक्षिणी सागर की दूसरी यात्रा शुरु की।
- 1803- राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफ ने पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया।
- 1832- हेनरी स्कूलक्रॉफ्ट ने मिनेसोटा में मिसीसिपी नदी के स्रोत की खोज की।
- 1863- न्यूयार्क में सिविल वार ड्रॉफ्ट के विरोधियों के दंगे में एक हजार से अधिक लोग घायल हुए।
- 1878- बर्लिन कांग्रेस ने यूरोपीय शक्तियों के बीच बाल्कन देशों का बँटवारा किया।

## एयरफोर्स में पायलट के रोल में कंगना रनौत



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत जल्दी ही फिल्म तेजस में नजर आएंगी। फिल्म के कुछ फोटोज के साथ ही की रिलीज डेट 20 अक्टूबर सामने आई है। फिल्म का डायरेक्शन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की आखिरी रिलीज फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर पिट गई थी। हालांकि फैन्स ने कंगना की एक्टिंग को पसंद किया था। बीते दिनों कंगना रनौत उनकी प्रोड्यूस्ड फिल्म टीकू वेड्स शेरू को लेकर चर्चा में रहीं और वहीं इसके अलावा वो इमरजेंसी को लेकर भी खबरों में हैं। इस बीच कंगना रनौत ने उनकी अपकमिंग फिल्म तेजस की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। फिल्म तेजस में कंगना रनौत, एक एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आएंगी। कंगना के किरदार का नाम तेजस गिल है, और फिल्म में वो लीड रोल में हैं। फिल्म तेजस की जर्नी को दिखाएगी और ऐसे में फिल्म से कुछ फोटोज सामने आए हैं, जिन्होंने फैन्स को एक्साइटिड कर दिया है। इन फोटोज को देख लग रहा है कि कंगना एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आएंगी। वहीं इस फिल्म को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल खुद को भाजपा कार्यकर्ता व पॉलिटिकल एडवाइजर बताने वाले मयंक मधुर नाम ने फिल्म के मेकर्स को कोर्ट में घसीटने की बात कही है।

## Filmiमसाला

### सिक्योरिटी गार्ड ने मौनी रॉय को एयर पोर्ट के गेट से लौटाया



**मुंबई।** अभिनेत्री मौनी रॉय को एयरपोर्ट के गेट से वापस भेज दिया गया, क्योंकि उनसे एक गलती हो गई थी। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो के मुताबिक सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें एयरपोर्ट में एंट्री करने से रोक दिया गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मौनी परेशान हैं और वे अपने हैंडबैग में कुछ ढूंढती नज़र आ रही हैं। जाहिर है वो पासपोर्ट ही होगा। लेकिन काफी कोशिश करने के बाद भी वो नहीं मिला तो मौनी अपनी कार में वापस लौट आई।

### संजय लीला भंसाली की तारीफ करती नजर आईं सोनाक्षी सिन्हा, बोलीं- वह जादू रचते हैं



**मुंबई।** हर स्टार इंडस्ट्री के शानदार निर्माता-निर्देशकों के साथ काम करना चाहता है। उस पर भी बात अगर संजय लीला भंसाली की हो तो ज्यादातर एक्ट्रेस का सपना उनकी फिल्म का हिस्सा बनने का होता है। ऐसा ही सपना सोनाक्षी सिन्हा का भी रहा, जो 'हीरा मंडी' के जरिए पूरा हो रहा है। हाल ही में वह भंसाली के साथ मिले काम करने के मौके पर बात करती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने निर्देशक की खूब तारीफ की। भिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही संजय लीला भंसाली के नए वेब शो 'हीरा मंडी' में नजर आएंगी।

# विपक्षी एकता की बैठक 17-18 जुलाई को, 8 नई पार्टियां जुड़ीं

#### सोनिया गांधी एक दिन पहले डिनर होस्ट करेंगी, केजरीवाल को भी न्योता भेजा

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल एक बार फिर 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में मीटिंग करेंगे। इसमें 25 दलों के शामिल होने की संभावना है। 17 जुलाई को मीटिंग के पहले दिन सोनिया गांधी ने आम आदमी पार्टी (आप) समेत सभी दलों के नेताओं को डिनर पर बुलाया है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने 23 जून को पटना में पहली बैठक बुलाई थी।

बैठक में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस के स्टैंड को लेकर नाराज थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया तो वे दूसरी बैठक में नहीं आएंगे। पटना में हुई बैठक में 17 दलों के नेता शामिल हुए थे। इस बार विपक्षी कुनबे को और मजबूत करने के लिए 8 और दलों को न्योता भेजा गया है। इनमें मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, कोंगु देसा मक्कल काची, विदुथलाई चिरुथिगल काची, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) ने हामी भरी है।

# डीएम ने विकास कार्यों के समीक्षा बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण 37 बिदुआर मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

आकाक्षात्मक विकास खण्डो की प्रगति की समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले विकास खण्डो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही श्रम प्रवर्तन अधिकारी के विभागीय कार्य में लापरवाही पाये जाने पर स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। उन्होने सभी अधिकारियो को निर्देशित किया कि पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय उपस्थित रहेंगे तथा आईजीआरएस पोर्टल को चेक करने के साथ-साथ आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। आवास, शौचालय, वृद्धा पेशन, राशन कार्ड, से सम्बन्धित पात्र को सही ढंग से चिन्हित किया जाय ताकि कोई छूटे न पाये। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया की अपने लक्ष्य को हर माह पूर्ण करें। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओ का टीकाकरण एंव सहभागिता योजना में पात्र लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया। आई0जी0आर0एस0 प्रकरण मे उन्होने शिकायत पत्रो का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया कहा कि किसी दशा में कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में स्टाफ के साथ समीक्षा कर समयान्तर्गत कार्य कराने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी, समेत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रोडवेज इलाके में 7.11 लाख की लूट मामले में पुलिस मुठभेड़, 1 बदमाश घायल व एक गिरफ्तार

प्रखर आजमगढ़। रोडवेज इलाके पर स्थित वी मार्ट शॉपिंग मॉल से दिनदहाड़े कलेक्शन कर बाहर निकले बाइक सवार माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कैश एजेंट से 3 जुलाई को दिनदहाड़े बदमाशों ने 7,11,911 कैश से भरा बैग लूट लिया था और फरार हो गए थे। तभी से पुलिस बदमाशों की सुराग में लगी थी। मामले में एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि पीड़ित एजेंट प्रमोद कुमार पुत्र रामसेवक निवासी रानीपुर थाना मुबारकपुर रेडिएंट कैश मैनेजमेंट सर्विस लिमिटेड गोरखपुर में कलेक्शन का काम करता है। 3 जुलाई को कई स्थानों से कलेक्शन करते हुए कुल 7,11,911 इकट्ठा किया था और जैसे 12:39 बजे वह वी मार्ट से निकलकर थोड़ा ही आगे बढ़ा था तभी बाइक से धमके 3 व्यक्तियों ने आकर पैसे से भरा बैग छीन कर भाग गये। मामले में चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजकुमार सिंह प्रभारी संजय सिंह को सूचना मिली कि लूट के मामले में शामिल बदमाश बाइक से बाग लखरांव की तरफ जाने वाले हैं।



सूचना के बाद तत्काल पुलिस द्वारा बाग लखराव पहुंचकर बाइक सवार के आने पर रोकना चाहा तो बदमाश पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी है। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया घायल बदमाश की पहचान दिनेश रामपुर कल्लू पुत्र फौजदार राम निवासी ठोठिया थाना मेंहनगर के रूप में की गई है। जबकि दूसरे की पहचान राजन राम पुत्र राजेंद्र निवासी महादेव पारा थाना मेंहनगर के रूप में की गई है। दोनों बदमाशों से लूट के ?1,45,300 बरामद किए गए। दो देशी तमंचा, 3 खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस, एक बाइक तीन मोबाइल बरामद किया गया है। इसमें राजन के ऊपर कुल 9 मुकदमे पहले से दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि कुल 8 लोग इस घटना में शामिल थे। सब की भूमिका के अनुसार रुपयों का बंटवारा किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता सेनानी पं. लालचंद तिवारी के निधन पर जताया शोक

प्रखर आजमगढ़। जनपद के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी लालचंद तिवारी के निधन पर आजमगढ़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार संगठन द्वारा अध्यक्ष पं. विश्वदेव उपाध्याय के सदावर्ती, चौक स्थित आवास पर एक शोक बैठक में गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई।अपने शोक संवेदना में संरक्षक पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने पं. लालचंद तिवारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान की चर्चा करते हुए उनके निधन को जनपद के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया और कहा कि देश की आजादी के लिए वे दो वर्ष कारावास में रहे, वे जनपद में स्वतंत्रता आंदोलन की अंतिम कड़ी के रूप में थे, जिसका अंत हो गया ।संगठन के अध्यक्ष पं. विश्वदेव उपाध्याय, महामंत्री पं. संजय कुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, सम्पत उपाध्याय, हरिहर उपाध्याय, लल्ला सिंह, पंचदेव पाण्डेय, योगेश उपाध्याय आदि ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया।

### नवनियुक्त जोनल अधिकारी का पार्षद एवं वरिष्ठ नेता ने स्वागत किया



प्रखर रामनगर वाराणसी। जोन के नवनियुक्त जोनल अधिकारी इंद्र विजय यादव जी का सभी पार्षद गण एवं वरिष्ठ नेता गण ने स्वागत एवम अभिनंदन किया। रामनगर की समस्याओं से अवगत कराया तथा जोनल अधिकारी ने विश्वास दिलाया कि रामनगर की सारी समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक करने का काम किया जाएगा। तथा जन्म मृत्यु एवं नाम इंद्राज के संबंध मे बात करके रामनगर काम करने के का विश्वास दिलाया तथा अपने विभाग के जेई एवम कर्मचारी को निर्देश दिया कि रामनगर जोन के चारों वार्डो की जो भी समस्या है उसे जल्द से जल्द ठीक कराने आश्वासन दिए। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से मोनिका यादव, पार्षद रामकुमार यादव,पार्षद लल्लन सोनकर,पार्षद मन्नू पटेल, पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव पार्षद प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,पूर्व सभासद राजेंद्र गुप्ता पूर्व सभासद कमलेश यादव पूर्व सभासद अनिल सिंह तमाम लोग उपस्थित रहे।

### नादान परिंदे साहित्य मंच का धूमधाम से मनाया गया प्रथम वार्षिकोत्सव



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नादान परिंदे साहित्य मंच का प्रथम वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयागराज के पूर्व जिला जज चंद्रभाल सुकुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी, प्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश ,कर्नल गोविंद सिंह, डॉ कैलाश सिंह विकास मौजूद रहे` कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सभी रचनाकारों ने अपनी अपनी अपनी रचना प्रस्तुत की जिसमें प्रमुख रूप से झरना मुखर्जी, कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक, महेंद्र अलंकार, पूनम श्रीवास्तव, भुलक्कड़ बनारसी, समीम गाजीपुरी, डॉक्टर नसीमा निशा, डॉ प्रियंका तिवारी, मधुलिका राय, डॉ वत्सला , मणिबेन द्विवेदी , सुषमा मिश्रा आदि ने अपनी अपनी रचनाओं का पाठ किया` कार्यक्रम का संचालन सिद्धनाथ शर्मा ने किया और कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत नादान परिंदे साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉ सुबाष चंद्र ने किया` इस अवसर अवसर पर नादान परिंदे साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉक्टर सुबाष चंद्र का जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें केक काटने के अलावा शहनाई वादन एवं सोहर कजरी भी गाया गया` डॉक्टर सुभाष चंद्र ने कहा नादान परिंदे साहित्य मंच को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे एवं साहित्य और समाज की सेवा के लिए हमेशा कटिबद्ध रहेंगे` वार्षिकोत्सव समारोह में प्रमुख रूप से राजेश मिश्रा , काली शंकर उपाध्याय , मनोज मिश्रा , प्रियंवदा सिंह , सुष्मिता सेठ , रमेश पांडे, सुनील , सुनील जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विवाहिता की मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के तिलमापुर गांव में बुधवार की सायंकाल में एक 21 वर्षीय विवाहिता ने दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया।पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बताते हैं कि तिलमापुर निवासी रामअवध के पुत्र संदीप यादव के साथ उसकी एक वर्ष पूर्व मुस्तफाबाद थाना चौबेपुर निवासी मंगला यादव की पुत्री प्रियंका से हुई थी। बुधवार को पत्नी पत्नी के बीच कुछ विवाद हुआ। जिसके बाद घर मे गई बॉस में दुपट्टा बांधकर लटक गई। काफी देर तक घर मे से न निकलने पर पति अंदर गया तो वह फांसी पर झूलती मिली। आनन फानन में उसे इलाज के लिए नीचे उतारा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पति ने पुलिस और मायके वालों को सूचना दी। रात्रि 10 बजे पहुचे थानाध्यक्ष सिंधोरा आशीष मिश्रा ने शव को कब्जे में लिया। गुरुवार को विवाहिता के पिता मंगला यादव के तहरीर पर दहेज उत्पीड़न व हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

## बिंद्रा बाजार मेहनगर मार्ग पर स्थापित मकानों के सीमांकन को लेकर भाजपा नेता डॉ. कृष्णमुरारी विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य , उ0प्र0 सदस्य राष्ट्रीय कार्य समिति (पिछडा मोर्चा ) के सदस्य कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी आजमगढ़ को मेहनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रारम्भ राज्य मार्ग-149 बिन्द्राबाजार-बेल्थरा रोड मार्ग पर स्थापिक मकानो के सीमांकन किये जाने के सम्बन्ध में बुधवार को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने लिखा है कि मेहनगर विधानसभा क्षेत्र से राज्य मार्ग-149 बिन्द्राबाजार शुरू होकर रासेपुर बाजार होते हुए बेल्थरा रोड को जाता है, यह राज्य मार्ग वर्ष 2021 से बनना प्रारम्भ हुआ जिसके निर्माण के लिए 7 मी0 पिच मार्ग एवं 2-2 मीटर रोड़ दाहिने व बाये पटरी बनाये जाने का नक्शा स्वीकृत हुआ जिस पर कार्य प्रगति पर है। परन्तु 6 जुलाई को अकस्मात पी0डब्लू०डी० द्वारा राजस्व विभाग की टीम लगाकर 50-50 फिट रोड से दाये व बाये अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सीमांकन कर 17 जुलाई तक भवन तोड़ कर हटाये जाने हेतु नोटिस दी गयी है। जिसको लेकर बिन्द्राबाजार, बहोरापुर, जाफरपुर, मेहनगर, करनेहुवा, गोपालपुर एवं खरिहानी आदि बाजारो के मनमानस में आक्रोश व्याप्त है। जबकि राज्यमार्ग-149 के स्वीकृत नक्शे के अनुसार जमीन अधिग्रहित कर 80 प्रतिशत कार्य किया जा चुका है। जब इस मार्ग पर फोरलेन या सिक्स लेन का निर्माण कार्य नहीं किया जाना है तो जनहित में इस तरह का सीमांकन किया जाना न्यायोचित नहीं है उन्होंने सीमाकंन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए राज्य मार्ग-149 के मा. दाहिन व बाये बनायी गयी 2-2 मीटर पटरी पर किये गये अतिक्रमण को हटाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए जनहित में इस मार्ग को फोरलेन या सिक्स लेन बनने तक पी0डब्लू0डी0 द्वारा किये जा रहे सीमांकन कार्य को स्थगित करने की मांग की है।

## दुर्गेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सीएमओ से मिला राज्य कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को लैब टेक्नीशियन जनपद शाखा गाजीपुर का बैठक मलेरिया विभाग कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव भी सम्मिलित हुए, व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत हुए,और बैठक में कर्मचारियों के कार्यस्थल पर हो रहे समस्याओं को लेकर के परिषद को अवगत कराया गया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने लैब टेक्नीशियन के पदाधिकारी वह सदस्यों को विश्वास दिलाया की किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा, और किसी भी कर्मचारी का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा, और उनकी जो भी मांग है उसे सक्षम अधिकारी के साथ बैठक कर निस्तारित कराया जाएगा, बैठक के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देश दीपक पाल से मुलाकात किया और कर्मचारियों के साथ हो रही समस्या को अवगत कराया गया,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0देश दीपक पाल द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को अस्वस्थ किया गया, कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा,उनकी जो भी समस्या है समय रहते निस्तारित किया जाएगा, प्रतिनिधिमंडल में दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी मंत्री आलोक राय,अभय सिंह, अमित कुमार, चंदन कुमार,बुद्धि लाल, चंद्रशेखर यादव,अमरनाथ मौर्या, स्वामीनाथ, रामप्रवेश यादव, नरेंद्र यादव, राजेश राय, प्रभात मौर्य,पवन गौतम,भुवाल प्रजापति, बृजेश सिंह ,उपस्थित रहे।

## सनबीम शिक्षण समूह एवं वाराणसी ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक खेल 2023 का हुआ शुभारम्भ

### डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक 2023 के प्रथम दिन हुआ बास्केटबाल गेम का भव्य प्रदर्शन

प्रखर वाराणसी। सनबीम वरुणा (स्कूल एण्ड हॉस्टल) के विशाल प्रांगण में बास्केटबाल कोर्ट में दिनांक 13.07.2023 को वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक गेम्स को शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रविन्द्र जायसवाल, कैबिनेट मिनिस्टर, उ0प्र0, डॉ0 अवधेश सिंह, एम.एल.ए., पिण्डरा, वाराणसी, सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ0 दीपक मधोक, निदेशिका श्रीमती भारती मधोक, उप-निदेशिका श्रीमती अमृता बर्मन एवं माननीय निदेशक श्री हर्ष मधोक ने किया। मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र जायसवाल ने अपने सम्बोधन में 20 विद्यालयों से आये लगभग 250 खिलाड़ियों को उनके अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उद्घाटन समारोह में सनबीम शिक्षण समूह की निदेशिका श्रीमती भारती मधोक एवं श्रीमती प्रियंका राय ने वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक गेम्स द्वारा आयोजित बॉस्केटबाल के प्रथम राउण्ड मैच में सनबीम स्कूल वरुणा एवं लालपुर स्टेडियम क्लब (ब्वायज) के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए खेल की शुरूआत करायी। प्रथम राउण्ड के मैच को सनबीम स्कूल वरुणा के खिलाड़ियो ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत हासिल किया। प्रतियोगिता के अन्य मैचों में सनबीम स्कूल वरुणा एवं राजश्री क्लब (गर्ल्स), सनबीम सनसिटी एवं यू0पी0 पब्लिक इण्टर कालेज (ब्वायज), सिगरा स्टेडियम एवं मुकुलारण्यम (ब्वायज) के बीच खेला गया। सनबीम स्कूल वरुणा की प्रधानाचार्या, डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने आर्शीवचनों द्वारा उनका स्वागत किया।




## सादात से बोल बम नारे के साथ कावरियों का जत्था बैजनाथधाम रवाना



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सावन का महीना देवाधिदेव भगवान महादेव का प्रिय महीना है। इसमें शिव भक्तों द्वारा महादेव का जलाभिषेक प्रसिद्ध शिवालयों में किया जाता है। जिले के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन जलाभिषेक किया जाता है तो इसी क्रम में सोमवार के दिन दिनभर श्रद्धालुओं का ताता जलाभिषेक के लिए लगा रहता है। जनपद के मरदह क्षेत्र के महाहर धाम, हथियाराम के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, धुवार्जून के चौमुख नाथ धाम,सहित सभी शिवालयों में सोमवार के दिन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। जनपद के उत्साही शिवभक्तों का जत्था देवाधिदेव महादेव को जलाभिषेक करने के लिए कांवर लेकर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम को जाते हैं। इसी क्रम में सावन के दूसरे सोमवार को भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिये सादात नगर क्षेत्र के कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। बम बम भोले, ओम नमः शिवाय लिखे गेरुआ वस्त्रों को धारण कर तमाम युवा बैंड बाजा के साथ नाचते गाते और झूमते हुए सादात रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए, जहां से ट्रेन पकड़कर गंतव्य को रवाना हुए। इससे पहले सभी देवालयों में दर्शन पूजन भी किये। कांवरियों का नगर पंचायत अध्यक्ष सुमन यादव के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव सोनू ने कांवरियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कांवरियों को फल व डिब्बा बंद मीठा देकर मंगलमय यात्रा की कामना संग उन्हें विदा किया । चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव के साथ प्रशांत राजभर, ऋषि कुशवाहा, अंकित, रामप्रवेश, इसरार, ताहिर, गोलू, भानू कुशवाहा आदि रहे। उधर पूरे सावन माह भर भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना का क्रम जारी है। मान्यता है कि सावन माह में देवाधिदेव शिव का जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाये पूर्ण होती है।

## भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अनोखा अभियान चलाकर शिवभक्त कावड़ियों को फलदार वृक्ष देकर किया पर्यावरण के प्रति जागरूक



प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। कावड़ यात्रा के प्रथम चरण में लाखों शिवभक्त कावड़िए मां गंगा के पवित्र जल को अपने कंधे पर लेकर जा रहे हैं वही शिवभक्त कावड़ियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूर्व मंडी अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा, उत्तराखंड प्रभारी अनिल शर्मा के संयुक्त संयोजन में शिव त्रिशूल चौक से मां गंगा किनारे कावड़ पटरी पार्किंग इत्यादि क्षेत्रों में वृक्षारोपण यात्रा निकालकर शिवभक्त कावड़ियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर संकल्पित किया` इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री संजय चोपड़ा ने कहा शिवभक्त कावड़िए करोड़ों की तादात में मां गंगा का पवित्र गंगाजल शिव अभिषेक के लिए सदियों से लेकर जा रहे हैं वही नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए शिवभक्त कावड़ भाइयों के हाथों से वृक्षारोपण कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा आगामी कावड़ मेले के दौरान उत्तराखंड सरकार की और से प्रत्येक कावड़ भाइयों को एक फलदार वृक्ष दान के रुप में दिया जाना चाहिए ताकि कावड़िए अपने शहर, अपने नगर, गांव, पट्टी पहुंचकर जहां शिवजी का अभिषेक करें वही मंदिर में वृक्षारोपण भी करें यह परंपरा का निर्वाह शुद्ध मन से इच्छाशक्ति के साथ संकल्पित होकर भारत देश हरित क्रांति की और बढ़ना होगा` इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के उत्तराखंड प्रभारी डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कावड़ यात्रा में अधिक मात्रा में किसान भाई ही कावड़ लेने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार में आते हैं किसान भाइयों को भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा फलदार वृक्ष इसीलिए वितरित किए गए हैं वह एक बड़ी इच्छा शक्ति के साथ अपने गंतव्य में पहुंचने के उपरांत वृक्षारोपण कर अन्य किसानों भाइयों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करें इसीलिए आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे` मां गंगा के किनारे कावड़ पटरी चौक चौराहे पर वृक्षारोपण करते भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भवर, सुनील जायसवाल, ओमप्रकाश राठी, पंडित मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, जय सिंह बिष्ट, चंदन सिंह रावत, राधेश्याम रतूड़ी, विजय राणा, विशाल कुमार, सचिन जाटव, गौरव चौहान, विक्रांत, मोहनलाल, कमल शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## विवेकानंद पाण्डेय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में होगा पूरे उत्तर प्रदेश में पौधारोपण - संपूर्णानंद पांडे

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदु महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय के बेटे विवेकानंद पाण्डेय के जन्मदिन के अवसर पे पूरे प्रदेश में बीस जुलाई से पंद्रह अगस्त तक पौधारोपण होगा। पाण्डेय जी ने कहा की देश में बहुत कार्य प्रगति हुआ जो बहुत जरूरी है जिसके कारण बहुत अधिक पौधे कटे प्रशासन के द्वारा देश मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बहुत विकाश किया और अभी भी विश्व स्तर पे विकाश करने में अग्रसर है देश में सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण का है आज के समय देश में कम से कम पांच अरब बड़े पौधो की जरूरत है जैसे नीम , पीपल, आम, महुआ, लिप्टस, सागौन, सीसम इत्यादि। संपूर्णा नंद पाण्डेय ने और कहा की विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पे कम से कम तीस हजार पौधे लगेंगे साथ में किसी भी परिचित का जन्मदिन हो या शादी की वर्षगांठ हो और किसी भी जो देश का महापुरुष हो उसके जयंती एवं पुण्यतिथि के उपलक्ष पे भी पौधा रोपण करे यही आग्रह किया उन्होंने ये भी कहा की पौधा खरीदने की जरूरत नहीं है जिसको चाहिए मिल जायेगा निःशुल्क पर्यावरण है तो जीवन है।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं